दैनिक
# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 | कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 227 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष दशमी संवत् 2082 | जयपुर | शनिवार, 21 जून, 2025 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य ₹5.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## संक्षिप्त समाचार

### जन्मदिनः राष्ट्रपति मुर्मू दृष्टिबाधित बच्चों से शुभकामना गीत सुनकर हुईं भावुक




**देहरादून।** उत्तराखंड की तीन दिवसीय यात्रा पर आईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शुक्रवार को देहरादून स्थित राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं दृष्टि विकलांगता सशक्तिकरण संस्थान (एनआईवीएच) के बच्चों के साथ अपना 67वां जन्मदिन मनाया। इस दौरान, संस्थान के बच्चों ने भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया जिसे सुनकर मुर्मू भावुक हो गईं और उनकी आंखों में आंसू आ गए। बच्चों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि जब उन्होंने इतना सुंदर गीत गाया तो वह भावुक हो गईं। राष्ट्रपति ने कहा, मेरी आंखों से तो पानी रोके नहीं रुका। मुझे लगता है कि वे गले से नहीं गा रहे थे, वे अपने हृदय से गा रहे थे। जैसे सरस्वती उनके गले में बैठकर गा रही थीं।

### राहुल का शाह पर पलटवार, BJP-RSS नहीं चाहते कि गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अंग्रेजी बोलने वाले बयान पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पलटवार किया है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि बीजेपी और आरएसएस नहीं चाहते कि गरीब के बच्चे अंग्रेजी सीखे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने



एक्स पर पोस्ट किया कि अंग्रेजी बांध नहीं, पुल है। अंग्रेजी शर्म नहीं, शक्ति है। अंग्रेजी जंजीर नहीं, जंजीरें तोड़ने का औजार है। इसके साथ ही उन्होंने लिखा, BJP-RSS नहीं चाहते कि गरीब बच्चा अंग्रेजी सीखे। वे नहीं चाहते कि वे पढ़-लिखकर सवाल पूछें, आगे बढ़ें और बराबरी करें। आज के समय में अंग्रेजी उतनी ही जरूरी है जितनी आपकी मातृ भाषा, क्योंकि यही रोजगार दिलाएगी और आत्मविश्वास बढ़ाएगी। राहुल ने कहा कि भारत की हर भाषा में आत्मा है, संस्कृति है, ज्ञान है। हमें उन्हें संजोना है और साथ ही हर बच्चे को अंग्रेजी सिखानी है। यही रास्ता है एक ऐसे भारत का, जो दुनिया से मुकाबला करे, जो हर बच्चे को बराबरी का मौका दे।

### बिहारः अवध असम एक्सप्रेस से रेलवे ट्रॉली टकराई, 1 की मौत, चार रेलकर्मी घायल



**कटिहार।** बिहार के कटिहार में एक बड़ा रेल हादसा हुआ है। कटिहार बरौनी रेल खंड पर काढागोला और सेमापुर के बीच बरौनी से कटिहार जा रही अवध असम एक्सप्रेस ट्रेन (15910) और रेलवे ट्रॉली के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ट्रॉलीमैन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार रेलकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। एडीआरएम मनोज कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि की और बताया कि घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। तस्वीरें में दिख रहा है कि हादसे के बाद यात्री रेलवे ट्रैक पर आ गए हैं और ट्रेन भी रुकी हुई है। बाद में फिर ट्रेन को रवाना किया गया। रेलवे प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं। साथ ही सभी रेल कर्मियों को ट्रैक पर काम करते समय अधिकतम सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

## प्रधानमंत्री ने सिवान में 5,900 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

**सिवान (बिहार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के सिवान जिले में 5,900 करोड़ रुपए से अधिक की 28 विकास परियोजनाओं का शुक्रवार को उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। पीएम मोदी ने 400 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से निर्मित नई वैशाली-देवरिया रेलवे लाइन परियोजना का उद्घाटन किया।

- उत्तर बिहार में बेतिया के रास्ते पाटलिपुत्र और गोरखपुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। 'मेक इन इंडिया - मेक फॉर द वर्ल्ड' को आगे बढ़ाते हुए मरहोरा संयंत्र में निर्मित अत्याधुनिक लोकोमोटिव को भी हरी झंडी दिखाई।
- गंगा नदी के संरक्षण और कायाकल्प और क्षेत्र के लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए 1,800 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली नमामि गंगे परियोजना के तहत छह मलजल शोधन संयंत्र (एसटीपी) का उद्घाटन किया।
- विभिन्न शहरों में 3,000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली जलापूर्ति, स्वच्छता और एसटीपी परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। क्षेत्र में बिजली संबंधी बुनियादी ढांचे को मजबूत करन के लिए 500 मेगावाट क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) की आधारशिला रखी।
- प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के 53,600 से अधिक लाभार्थियों को पहली किस्त भी जारी की। पीएमएवाई-यू के 6,600 से अधिक तैयार मकानों की कुछ लाभार्थियों को चाबियां भी सौंपी।
- इससे पहले रविशंकर प्रसाद ने संवाददाताओं से कहा, "बिहार का विकास प्रधानमंत्री के दिल में है। जब भी वह बिहार आते हैं, हजारों करोड़ की विकास परियोजनाएं यहां एक वास्तविकता बन जाती हैं। हम यहां वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाने आए हैं। प्रधानमंत्री वास्तव में बिहार राज्य को पसंद करते हैं और इसके विकास को लेकर चिंतित हैं।"
- देश में वंदे भारत एक्सप्रेस श्रृंखला की यह 71वीं जोड़ी ट्रेन सेवा है। यह गाड़ी 384 किमी की दूरी सात घंटे में तय करेगी। मार्ग में इसका ठहराव उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, कप्तानगंज, पनियहवा और बिहार के बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, सगौली, बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, पाटलिपुत्र स्टेशन पर होगा।

### चुनावी सरगर्मीः पीएम मोदी बोले- आरजेडी ने किया बाबा साहब का अपमान

# पंजा और लालटेन के शिंकजे ने बिहार को बनाया 'पलायन' का प्रतीकः मोदी

### आरजेडी पर तंज कसा-ये बाबा साहेब की तस्वीर पैरों में रखते हैं और मैं दिल में

**बढ़ता राजस्थान | सिवान/पटना**

ये बाबा साहेब की तस्वीर पैरों में रखते हैं और मैं दिल में, बिहार में सौगतों की बारिश करने के बाद बिहार के सीवान में पीएम मोदी ने आरजेडी पर तंज कसते हुए कहा कि RJD के लोग बाबा साहेब की तस्वीर को अपने पैरों में रखते हैं, जबकि मैं उन्हें दिल में रखता हूं। लालू प्रसाद पर हमला करते हुए पीएम ने कहा कि बिहार में मैंने देखा कि पोस्टर लगे हैं, लेकिन आरजेडी के लोग माफी नहीं मांगेंगे। इनके मन में दलित, महादलित, पिछड़े और अति पिछड़े के लिए कोई सम्मान नहीं है। उन्होंने कुछ दिन पहले वायरल हुई तस्वीर पर तंज कसते हुए कहा कि फोटो तो आपने भी देखा होगा। दरअसल, सोशल मीडिया पर लालू प्रसाद के पैरों के नीचे आंबेडकर की तस्वीर वायरल हो रही है।



#### बिहार के लिए अभी और बहुत कुछ करना है

पीएम ने कहा कि मुझे बिहार के लिए अभी और बहुत कुछ करना है, आपके लिए करना है, यहां के गांव-गांव के लिए करना है। पिछले 10 सालों की बात करूं तो बिहार में 55 हजार किलोमीटर सड़कें बनी, डेढ करोड़ से ज्यादा घरों को बिजली से जोड़ा और पानी का कनेक्शन दिया। लेकिन, अभी बहुत कुछ यहां के लिए करना है।

#### 28 परियोजनाओं का शिलान्यास

इससे पहले पीएम मोदी ने बिहार के सीवान में 28 परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। इसमें पटना-गोरखपुर वंदे भारत ट्रेन



का उद्घाटन, सीवान और सासाराम में सीवरेज नेटवर्क,आरा और सीवान में जलापूर्ति परियोजनाएं और पीएम आवास योजना के तहत 53,666 बेघर लोगों को पहली किस्त शामिल है।

#### आरजेडी और कांग्रेस पर किया वार

पीएम मोदी अपनी चुनावी सभा में लालटेन और पंजे की चर्चा करते हुए कहा कि ये परिवार का साथ परिवार का विकास की बात करते हैं। जबकि मेरा मानना है कि सबका साथ सबका विकास। मोदी ने इनपर तंज कसते हुए कहा कि लालटेन और पंजे वालों के राजनीति का कुल जमा ये जोड़ अपने-अपने परिवारों के हित के लिए बिहार के करोड़े परिवार का अहित करना है। बाबा साहेब अंबेडकर ऐसी राजनीति के खिलाफ थे। इसलिए ये लोग बाबा साहेब का अपमान करते हैं।

## बिहार विधानसभा चुनाव 2025

### नीतीश का आरजेडी पर तीखा हमला, पीएम की तारीफ में पढ़े कसीदे

**बढ़ता राजस्थान | पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सीवान जिले के जसौली में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (RJD) पर इशारों-इशारों में तंज कसते हुए कहा कि जब विपक्ष को सत्ता में मौका मिला, तब उन्होंने कुछ नहीं किया और अब केवल 'अनाप-शनाप' बातें करते हैं। नीतीश ने एनडीए सरकार के विकास कार्यों की सराहना करते हुए बिहार में हुए बदलावों का जिक्र किया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि 2005 में एनडीए की सरकार बनने से पहले बिहार की स्थिति दयनीय थी। उस समय लोग घर से बाहर निकलने में डरते थे। आज इतनी बड़ी संख्या में लोग पीएम मोदी को सुनने आए हैं। उन्होंने विपक्ष से सवाल किया, "हमारी सरकार से पहले बिहार का क्या हाल था? उस समय कोई काम नहीं हुआ।"

**महिलाओं को 50% आरक्षणः** मुख्यमंत्री ने एनडीए सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि उनकी सरकार ने सत्ता में आने के बाद महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर काम हुआ। हर घर नल का जल, हर घर शौचालय और सड़क-पुल निर्माण जैसी योजनाओं ने बिहार को नई दिशा दी।

## Classroom Scam in Delhi

### एसीबी ने तीन घंटे तक मनीष सिसोदिया से की पूछताछ

**बढ़ता राजस्थान | नई दिल्ली**

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया शुक्रवार को एंटी करप्शन ब्यूरो के समक्ष पेश हुए। यह पेशी दिल्ली सरकार के स्कूलों में क्लासरूम निर्माण से जुड़ी कथित अनियमितताओं के सिलसिले में हुई। एसीबी ने इससे पहले आप नेताओं मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था। सत्येंद्र जैन 6 जून को पहले ही एजेंसी के समक्ष हाजिर हो चुके हैं। इस मामले में आरोप है कि दिल्ली सरकार द्वारा स्कूलों में बनाए गए 12,000 से अधिक क्लासरूम्स और अर्ध-स्थायी ढांचों के निर्माण में करीब 2,000 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितताएं हुई हैं। इसी आधार पर 30 अप्रैल को एसीबी ने एफआईआर दर्ज की थी। मनीष सिसोदिया से शुक्रवार को भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की।

## 220 मृतकों के DNA सैंपल हुए मैच 202 लोगों के परिजनों को सौंपे शव

**Ahmedabad Plane Crash**

**बढ़ता राजस्थान | अहमदाबाद**

एअर इंडिया विमान दुर्घटना के एक सप्ताह से अधिक समय बाद अब तक डीएनए मिलान के जरिए 220 मृतकों की पहचान कर ली गई है और 202 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिये गए हैं। गुजरात सरकार के एक मंत्री ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। हादसे में 270 लोगों की जान चली गई।

बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान गत 12 जून को अपराह्न 1.39 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद अहमदाबाद के एक मेडिकल कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। लंदन जा रहे इस विमान में सवार 242 लोगों में केवल एक यात्री जीवित बचा था। 29 अन्य लोग भी मारे गए थे। मृतकों की पहचान के लिए डीएनए जांच की जा रही है, क्योंकि कई लोग इस कदर झुलसे कि उनके शवों की शिनाख्त नहीं की जा सकती। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री और राज्य सरकार के प्रवक्ता ऋषिकेश पटेल ने कहा, अब तक 220 लोगों के डीएनए नमूनों का मिलान कर लिया गया है और उनके रिश्तेदारों से संपर्क किया गया है। 202 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंपे जा चुके हैं।




### मानसून ने पकड़ी रफ्तार, देशभर में 21- से 25 जून तक एक साथ कई मौसम प्रणालियां सक्रिय

# आंधी-तूफान और भीषण बारिश की चेतावनी

**बढ़ता राजस्थान | नई दिल्ली**

देशभर में मानसून ने अपनी रफ्तार पकड़ ली है और अब यह उत्तर भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने साफ कर दिया है कि इस बार मानसून समय से पहले राजधानी दिल्ली समेत उत्तर-पश्चिम भारत के कई हिस्सों में पहुंच जाएगा। आईएमडी के मुताबिक, 22 जून तक दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में मानसून की दस्तक हो सकती है, जबकि आमतौर पर यह 30 जून के आसपास यहां पहुंचता है। इससे पहले ही दिल्ली-एनसीआर में अगले 6 दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश और तेज हवाओं की चेतावनी जारी की गई है। इससे लोगों को लू और भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है।

#### सक्रिय हैं कई मौसम प्रणालियां

मौसम विभाग के अनुसार, इस समय देश के विभिन्न हिस्सों में एक साथ कई मौसमी सिस्टम सक्रिय हैं। बंगाल की खाड़ी और गुजरात क्षेत्र में बने



कम दबाव के क्षेत्रों ने मानसून को नई ऊर्जा दी है, जिसकी वजह से यह 16 से 18 जून के बीच तेजी से आगे बढ़ा। इसके चलते मध्य भारत, पश्चिमी और पूर्वी भारत में मानसूनी गतिविधियां तेज़ हुई हैं और अब बारी है उत्तर भारत की। उत्तर-पश्चिम भारत में 20 जून से 25 जून के बीच अच्छी बारिश की संभावना जताई गई है। इस अवधि में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मानसून की वर्षा हो सकती है। इन इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश, तेज हवाएं और आंधी-तूफान की स्थिति भी बन सकती है।

#### तेजी से आगे बढ़ रहा है मानसून

आईएमडी के अनुसार, मानसून आमतौर पर 1 जून को केरल में दस्तक देता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। इस बार एक सप्ताह पहले ही यह देश के बड़े हिस्से में पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि इस साल मानसून शुरुआत में धीमा था, लेकिन अब समुद्री बदलाव और कम दबाव के क्षेत्रों के कारण यह तेजी से आगे बढ़ रहा है। अगले दो-तीन दिनों में यह दिल्ली, हरियाणा और पंजाब में पहुंच जाएगा। इसके साथ ही बाकी हिस्सों में भी सामान्य तिथि से पहले वर्षा की संभावना है।

#### लू से राहत, बिजली गिरने का खतरा

जून के शुरुआती दौर में तापमान में तेजी के कारण उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के बड़े हिस्से में लू की स्थिति बनी हुई थी। 8 से 9 जून के बीच कई राज्यों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया था। अब बारिश के आसार बढ़ने से गर्मी से कुछ राहत जरूर मिलेगी, लेकिन बिजली गिरने और आंधी-तूफान के खतरे से लोगों को सतर्क रहना होगा।

**सम्पादकीय कार्यालयः** डी-38, चौमूं हाउस, सी-स्कीम, जयपुर (राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बारां, बहरोड़, सुजानगढ़, रावतभाटा, अजमेर, भीलवाड़ा, सवाई माधोपुर, सीकर, झुंझुनूं, खाटूश्यामजी, निम्बाहेड़ा, चूरू, धौलपुर, जोधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक, निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलीगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर से प्रकाशित

# भिनाय में आधी रात को मकान ढहने से एक ही परिवार के 5 सदस्य घायल, अजमेर रेफर

## भिनाय प्राथमिक चिकित्सा देकर सभी को अजमेर रेफर किया

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय कस्बे के केकड़ी रोड भैरू दरवाजा के बाहर की बस्ती में बीती मध्य रात्रि बाद अचानक एक मकान की दीवार व छत गिरने से एक ही परिवार के 5 सदस्य गंभीर रूप से चोटिल हो गए। गनीमत रही कि दीवार पैरों की तरफ गिरने से सभी की जान बच गई। वार्ड पंच दीपक तिवाड़ी ने बताया कि कस्बे के भैरू दरवाजा बाहर केकड़ी रोड स्थित बस्ती निवासी शिवदयाल माली अपने मकान की पोल में अलग-अलग खाटों पर परिवार सहित सो रहा था। घटनाक्रम के अनुसार मध्य रात्रि के बाद करीब 2 बजे के लगभग भैरूं दरवाजा बाहर पानी की पौ के आगे निर्मित मकान के ऊपर बनीं हुईं दीवार मय लगें हुए पत्थर के छज्जे व सीमेंटेड चद्दरो की छत अचानक भर भराकर ढहने से छत के नीचे सो रहे एक ही परिवार के पांच सदस्य क्रमशः शिव दयाल माली ( 50 वर्ष ) व इसकी पत्नी माया देवी ( 47 वर्ष ), पुत्र - दिलखुश ( 18 वर्ष ), पुत्र - बुद्धराज ( 15 वर्ष ) व पुत्री - सुमन गंभीर रूप से चोटिल हो गए। देर रात को हुए इस घटना के दौरान दिवार,छत मय सीमेंटेड चद्दरो के ढहने की तेज आवाज व चद्दरो के नीचे सो रहे व दबे परिवार के सदस्यों के चिल्लाने से अड़ोस पड़ोस के व्यक्ति इकट्ठे हो गए। ओर इनको यहां से सुरक्षित निकाल कर फ़ोन कर एम्बुलेंस बुलवाकर स्थानीय चिकित्सालय में उपचार हेतु पहुंचाया। जहां से प्राथमिक चिकित्सा देकर सभी को अजमेर रेफर



कर दिया। सभी पांचों चोटिल व्यक्ति जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सालय अजमेर में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत से पीड़ितों को सहायता दिलाने की मांग की है।

# सामाजिक कार्यकर्ता की सतर्कता से बालक की सकुशल घर वापसी



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा क्षेत्र के लाडाकाबास में एक नाबालिग बालक की सकुशल वापसी का मामला सामने आया है। सामाजिक कार्यकर्ता पूरण यादव की सतर्कता से बालक को उसके परिजनों को सौंप दिया गया। बालक अभिषेक चौधरी (16) झुंझुनू जिला निवासी है और अपने परिजनों से नाराज होकर घर से फरार हो गया था। वह रात्रि के समय घर से निकला और किसी अज्ञात वाहन की मदद से शाहपुरा पहुंच गया। उसके पास मोबाइल नहीं था और वह भूख से परेशान होकर परिजनों को याद कर रोता हुआ पावटा की ओर पैदल चल रहा था। सामाजिक कार्यकर्ता पूरण यादव ने बालक को सड़क पर रोते हुए देखा और उसे रोका। प्यार से पूछताछ करने पर बालक ने अपनी पूरी कहानी बता दी। पूरण यादव ने बालक के परिजनों को दूरभाष पर कॉल कर उसके सकुशल होने की जानकारी दी। बालक के परिजन पावटा पहुंचे और अपने बेटे को सकुशल पाकर खुशी से भर गए। उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता पूरण यादव का आभार जताया। बालक की बड़ी बहिन ने बताया कि उसके माता-पिता का बचपन में देहांत हो चुका है और वह उसके साथ रहता है। उसने बताया कि बालक की शरारत पर उसने उसे डांट दिया था, जिससे वह नाराज होकर घर से फरार हो गया। ग्रामीणों ने बालक की सकुशल वापसी पर खुशी जताई। उन्होंने सामाजिक कार्यकर्ता पूरण यादव की सराहना की और कहा कि उनकी सतर्कता से एक परिवार की खुशियां वापस आई हैं।

# विनोद करेल बने नारायणी धाम प्रबंध व विकास महासभा समिति के अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** अखिल भारतीय श्री नारायणी धाम प्रबंध एवं विकास महासभा समिति के चुनाव में विनोद करेल ने प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार अशोककुमार सरना को 22 वोटों से हराकर विजेता रहे। सह चुनाव अधिकारी प्रेमप्रकाश नटवाडा ने बताया कि कुल मतदाता 19 हजार 712 थे। जिनमें से 44.79 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान नव निर्वाचित पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ मुख्य चुनाव अधिकारी खेमचंद सेन ने दिलाई। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर अध्यक्ष पद पर अशोक सेन सरना को 4 हजार 158, लक्ष्मी देवी को 103, मुकेश कुमार को 37 एवं विनोद कुमार नापित को 4180 मत मिले। विनोद कुमार नापित ने अपने प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार अशोक कुमार सरना को 22 मतों से हराया। सचिव पद के लिए हरिराम सेन कोट को 3 हजार 823, मुकेश कुमार को 3 हजार 369, पूनम सेन को 285, राजेन्द्र कुमार को 525 एवं सुरेन्द्र कुमार को 221 मत मिले। इस दौरान हरिराम ने अपने प्रतिद्वंद्वी मुकेश कुमार को 454 मतों से हराया। कोषाध्यक्ष पद के लिए भगवती प्रसाद को 523, दुर्गालाल सैन को 3 हजार 868, कैलाश प्रसाद सैन को 3 हजार 684 एवं पूरणमल सैन को 192 वोट मिले। जिस पर दुर्गालाल ने अपने प्रतिद्वंदी उम्मीदवार कैलाशप्रसाद सैन को 184 वोटों से हराकर विजेता रहे। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज के लोगों द्वारा माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया।

# कृषि उपज मंडी में आज होगा ब्लॉक स्तरीय योग दिवस

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को दिया अन्तिम रूप

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को अन्तिम रूप दिया गया है। ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. महेंद्रकुमार गुप्ता व सहायक नोडल अधिकारी डॉ. देवेंद्रकुमार शर्मा ने बताया कि उपखंड अधिकारी अनीता खटीक के निर्देशन में ब्लॉक स्तरीय अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कृषि उपज मंडी प्रांगण में शनिवार को सुबह 6.30 से 7.45 बजे तक योग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योग दिवस की तैयारियों को लेकर पेयजल, पार्किंग, मेट, माईक एवं मंच सहित सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की गई है। शिविर में ब्लॉक स्तरीय सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, चिकित्सक, शिक्षक- शिक्षिकाएं सहित आमजन भाग लेंगे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत खणदेवत में सरपंच सीमा बैरवा के नेतृत्व में योग दिवस मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियों को अन्तिमरूप दे दिया गया है। यह जानकारी ग्राम विकास अधिकारी राधाकिशन बैरवा ने दी है। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के समारोह को सफल बनाने के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दक्ष योग प्रशिक्षक रामकिशन गुर्जर बहादुरपुरा व रमेशकुमार वर्मा ने सभी शारीरिक शिक्षकों व पंचायत स्तर के योग शिक्षकों को योग प्रोटोकॉल के तहत प्रशिक्षण दिया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज मधुश्री सभागार में होगा योग

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** जय हनुमान रामचरित मानस प्रचार समिति,श्रीमती सरला देवी सिंघवी चेरिटेबल सोसायटी व बीईंग मानव सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अशोका पैलेस स्थित मधुश्री सभागार में योग गुय गुनीत मोंगा द्वारा प्रातः 9 से 10 बजे तक निःशुल्क योग कराया जायेगा। समिति प्रमुख पं. सत्यनारायण चौबीसा एवं बीईंग मानव संस्थान के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि जीवन में योग का बहुत महत्व है। योग से विभिन्न प्रकार के रोगों को दूर किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से ही 21 जून को विश्व में योग दिवस मनाया जानें लगा है। श्याम एस. सिंघवी ने बताया कि योगाचार्य निकिता अग्रवाल योगा करायेगी।

# द चेंजमेकर्स- द जर्नी बिहाइंड द सक्सेस कॉफी टेबल का बुक का चौथा संस्करण शीघ्र

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** एम स्क्वायर प्रकाशन की ओर से शीघ्र ही चेंज मेकर्स कॉफी टेबल बुक का चौथा संस्करण प्रकाशित किया जायेगा। जिसके पोस्टर का विमोचन दौलतगढ़ रिसोर्ट में आयोजित एक समारोह में किया गया। प्रकाशक मुकेश माधवानी ने बताया कि द चेंजमेकर्स- द जर्नी बिहाइंड द सक्सेस' कॉफी टेबल बुक उदयपुर के कुछ महान 'व्यवसायी' की जीवन यात्रा को दर्शाएगी। इस कॉफी टेबल बुक का उद्देश्य समाज में उनके योगदान को पहचानना है। इसमें '30' सम्मानित उद्यमियों की जीवनी होगी। जिन्होंने अपने दृढ़ संकल्प और सृजन के बल पर सभी कठिनाइयों का सामना करते



हुए बड़ी सोच रखते और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए दूसरों के लिये प्रेरणा स्त्रोत बनें। भानूप्रतापसिंह धायभाई ने बताया कि यह अपनी तरह की अनूठी पुस्तक होगी, जिसकी लगभग 'मल्टीकलर 1000 प्रतियाँ' प्रमुख कॉलेजों, होटलों, स्कूलों, संस्थानों और प्रशासनिक कार्यालयों में वितरित की जाएँगी। पुस्तक को डिजिटल रूप से भी प्रकाशित किया जाएगा। समारोह में पूर्व संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट,विशिष्ठ अतिरिक्त जिला एंव सत्र न्यायाधीश कुलदीप शर्मा,पूर्व प्रान्तपाल निर्मल सिंघवी, अरावली टेक्निकल कॉलेज के निदेशक एन.एल.,खेतान,आलोक संस्थान के निदेशक डॉ. प्रदीप कुमावत,रोटरी के प्रान्तपाल मनोनीत दीपक सुखाड़िया, तारीका धायभाई ने पोस्टर का विमोचन किया।

# राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी/करौली ( अंशु गुप्ता )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार आज शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ममता चौधरी द्वारा राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह, करौली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गृह में सफाई व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था आदि की माकूल व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच करते हुए गृह में संधारित विभिन्न रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया। वक्त निरीक्षण गृह में 11 बच्चे आवासरत मिले जिनसे मुलाकात कर उनसे सौहार्दपूर्ण वार्ता की गई तथा उनकी दिनचर्यादि के बारे में भी जानकारी ली गई तथा आवश्यक सुधार हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही गृह के प्रभारी को गृह के खुले चौक में जाल लगवाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं के साथ उनकी परेशानियों की जानकारी लेते हुए अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ममता चौधरी ने कहा कि बच्चों के जीवन में मैत्रीपूर्ण व्यवहार से सकारात्मक बदलाव संभव है। और उन्होंने कहा कि बच्चों को उचित वातावरण में रहवास की सुविधा के साथ-साथ उनके शारिरिक व मानसिक स्वास्थ्य विकास पर भी ध्यान देना चाहिए।

# राव रत्ना भवन में सत्ताईसा राजपूत समाज की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के दिल्ली-जयपुर राजमार्ग स्थित पावटा राव रत्ना भवन में सत्ताईसा राजपूत समाज के गणमान्य लोगों ने शुक्रवार को एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में महाराव शेखाजी के द्वितीय पुत्र राव रत्ना जयंती समारोह को लेकर विचार-विमर्श किया।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस बार राव रत्ना जयंती 27 जुलाई को ग्राम भौनावास में मनाई जाएगी। समारोह की तैयारियों की रूपरेखा तैयार की गई और सभी को अपनी भूमिका निभाने के लिए निर्देश दिए गए। बैठक में थामे संशोधन के मुद्दों पर भी चर्चा की गई और कहा गया कि सभी इकाइयों से इस विषय पर चर्चा की जायेगी।

जिन इकाइयों में अभी तक विचार विमर्श नहीं हुआ है, उनसे समारोह की तैयारी के दौरान संपर्क किया जाएगा। और इस दौरान संरक्षक हरी सिंह खेलना, अध्यक्ष दशरथ सिंह भौनावास, महामंत्री जगजीत सिंह, कोषाध्यक्ष घीसा सिंह, रामावतार सिंह, करण सिंह, सवाई सिंह खेलना, राजपाल सिंह, धुड सिंह समेत गणमान्य लोग और अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे। और सभी ने राव रत्ना जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

# 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का पोस्टर विमोचन

## योग सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए सर्वोत्तम साधन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** उपखंड क्षेत्र में 21 जून शनिवार को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। पावटा उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने शुक्रवार को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का पोस्टर विमोचन किया। उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने बताया कि कोटपूतली-बहरोड़ एक नया जिला बन चुका है और इस आयोजन के माध्यम से जिले को नई ऊंचाइयों की ओर ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नया जिला बनने के बाद यह दूसरा वर्ष होगा, जो ब्लॉक स्तरीय योग दिवस इस बार जोहड़ा धाम स्थित बाबा



भूतनाथ मंदिर परिसर में होगा। उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने बताया कि योग सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए सर्वोत्तम साधन है और सभी आयु वर्ग के स्त्री-पुरुष, छात्र इस योग दिवस में शामिल हों। उन्होंने 21 जून को प्रातः 6ः30 बजे से 8ः00 बजे तक आयोजित होने वाले इस योग दिवस कार्यक्रम में सभी को ज्यादा से ज्यादा शामिल होने की अपील की है। नोडल प्रभारी डॉ. चंद्रहास शर्मा ने बताया कि इस आयोजन में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने सभी से इस आयोजन में शामिल होने और योग के महत्व को समझने की अपील की है। इस दौरान सहायक नोडल अधिकारी डॉ. नाहरमल यादव सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी गण मौजूद रहे। सभी ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

# राजकीय जिला अस्पताल के दोनों रास्तों मे पानी से परिसर जलमग्न

## मरीजों व परिजनों को आवागमन मे परेशानी का सामना करना पड़ रहा ,लोगों ने किया प्रर्दशन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** शहर मे रात्री मे हुयी तेज बारिश से राजकीय जिला अस्पताल के दोनों रास्तों मे पानी की उचित निकासी नही होने से परिसर जलमग्न हो गया, इसे मरीजों व परिजनों को आवागमन मे परेशानी का सामना करना पडा, इससे परेशान लोगों ने प्रर्दशन व नारेबाजी की ।समाज सेवी भूपेंद्र चौधरी, कान्हा चौधरी, दिलीप सिंह आदि ने प्रदर्शन करते हुए बताया कि गोपाल गर्ग, हनी जागिड ने बताया कि शहर में हुयी अच्छी बारिश से जिला अस्पताल के दोनों मुख्य गेटों से पानी की निकासी नही होने से अस्पताल परिसर जलमग्न हो गया। जिससे शुक्रवार को जिला अस्पताल आने वाले मरीज व परिजनों का रास्ता अवरुद्ध हो गया। दिनभर अस्पताल आने वाले प्रसूता, दिव्यांग, वृद्धों व उनके परिजनों को परेशानी से



जूझना पडा। इसके के अलावा दोपहिया वाहनों से आने वाले मरीज पानी मे चोटिल हो रहे है। अस्पताल आने वाले चिकित्सक व चिकित्सा कर्मचारियों को अस्पताल परिसर मे जमा बारिश के पानी से निकल कर अस्पताल मे जाते है। परिसर में भर पानी में बीमार महिला रत्नीदेवी प्रियंका कांता तथा दिव्यांग मुकेश कुमार गिरने से चोटिल हो गये ।शुक्रवार को जिला अस्पताल की एमरजेंसी यूनिट तक जलभराव होने से दिनभर परेशानी का सामना करना पड़ा।

# राघव भटनागर अध्यक्ष,ललिता पुरोहित सचिव एवं राजेश चुध सहायक प्रान्तपाल बनें

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब उदय की आज एक निजी होटल में बैठक आयोजित की गई। जिसमें वर्ष 2025-26 के लिये वरिष्ठ सदस्य राघव भटनागर अध्यक्ष, ललिता पुरोहित सचिव मनोनीत की गई। इसे अलावा क्लब के पूर्वाध्यक्ष राजेश चुघ को प्रान्तपाल ने राजेश चुघ को



सहायक प्रान्तपाल मनोनीत किया। नवगठित कार्यकारिणी



का कार्यकाल 1 जुलाई से प्रारम्भ होगा।



# गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने बालाजी महाराज के दर्शन कर देश और प्रदेश में खुशहाली की कामना की



बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुर बालाजी ( नि.स. )।** गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम शुक्रवार को मेहंदीपुर बालाजी पहुंचे। जहां उन्होंने बालाजी महाराज के दर्शन कर देश और प्रदेश में खुशहाली की कामना की। गृह राज्यमंत्री बेढम का मंदिर मे पंडितो ने बालाजी महाराज के सोने के चोले का तिलक लगाया ।बालाजी महाराज के दर्शनों के बाद मंत्री बेढम ने सिद्धपीठ बालाजी धाम के महंत डॉ नरेशपुरी महाराज से शिष्टाचार भेंट कर आशीर्वाद लिया। गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम पत्रकार वार्ता के दौरान योग दिवस के बारे मे बात करते हुए बताया कि स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम और परिश्रम की बहुत आवश्यकता रहती है। प्रधानमंत्री द्वारा किए गए अथक प्रयासों के बाद 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। राजस्थान सरकार के निर्देश पर आयुष विभाग द्वारा जिला मुख्यालयों, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर योग शिविर लगाए जाएंगे ।इससे पहले दौसा और करौली जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बालाजी मोड़ और कस्बे के मुख्य बाजार मे कई जगह माला और भगवा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

# 164 हाजियों की चौथी फ्लाइट पहुंची जयपुर एयरपोर्ट, खिदमतगारों ने किया गर्मजोशी से इस्तकबाल

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** हज 2025 के मुक़द्दस सफर से लौट रहे हाजियों की चौथी फ्लाइट शुक्रवार को जद्दा से जयपुर सांगानेर एयरपोर्ट पर पहुंची। इस फ्लाइट में कुल 164 हाजी सवार थे। हाजियों का स्वागत करने के लिए राजस्थान स्टेट हज कमेटी के.अधिशासी अधिकारी अबू सुफियान चौहान.खिदमतगार हज कमेटी से मोहम्मद जाहिर नादिर अली और तोहिद अहमद आकिब खान मौके पर मौजूद रहे। एयरपोर्ट पर पहुंचते ही हाजियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। अपनों को देखकर कई परिवारों की आंखें भर आईं और खुशी की लहर दौड़ गई। हाजी मोहम्मद रफीक और हजन रईसा बेगम (सीमा होटल के पास, धन्ना दास जी की बगीची, आदर्श नगर) और हाजी मोहम्मद सिराज व हजन जुमरत बेगम, हाजी अली शेर व हजन बानो (निवासी खोनागोरियां) भी इसी फ्लाइट से जयपुर लौटे। हज यात्रियों का आगमन कुल 17 फ्लाइटों के माध्यम से होगा। अंतिम फ्लाइट 29 जून को जयपुर एयरपोर्ट पर उतरेगी। एयरपोर्ट पर हर फ्लाइट के साथ हाजियों का गर्मजोशी से इस्तकबाल किया जा रहा है।

# वी.टी. रोड़ के सामने न्यू सांगानेर रोड़ से पत्रकार कॉलोनी की तरफ जाने वाली 100 फीट सेक्टर रोड़ सीमा को कराया अतिक्रमण मुक्त



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-पीआरएन-साउथ में वी.टी. रोड़ के सामने न्यू सांगानेर रोड़ से पत्रकार कॉलोनी की तरफ जाने वाली 100 फीट सेक्टर रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया को जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के क्षेत्राधिकार में अवस्थित वी.टी. रोड़ के सामने बाबा पैराडाईज के पास न्यू सांगानेर रोड़ से पत्रकार कॉलोनी की तरफ 100 फीट सेक्टर रोड़ सीमा में आ रहे 02 मकान, 11 दुकानें, टीनषेड, ढ़ाबा, चबूतरे, सीढ़ियां, दीवार इत्यादि अवैध निर्माण अतिक्रमणों को आज सामूहिक अभियान का आयोजन कर उपायुक्त जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते एवं स्थानीय पुलिस प्रषासन के सहयोग से जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-पी.आर.एन.(साउथ), 09, पी.आर.एन.(नोर्थ) पुलिस आयुक्तालय जयपुर शहर से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस बल, स्थानीय पुलिस थाना मानसरोवर का जाप्ता तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय योग कार्यक्रम आज

## राजकीय सरदार विधालय में प्रात : 06:30 बजे से हजारों की संख्या में लोग करेंगे योगाभ्यास

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** 21 जून शनिवार को 11 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक पृथ्वी,एक स्वास्थ्य थीम पर आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत जिला स्तरीय योग कार्यक्रम राज्यमंत्री, राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह चौधरी के मुख्य आतिथ्य में राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रात 06:30 से 08 बजे तक किया जायेगा। जिसमें हजारों लोग योग का अभ्यास करेंगे। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं आमजन को योग कार्यक्रम से जोड़ने हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुये सम्पूर्ण तैयारियां समय पर पूर्ण करने, प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने समस्त विभागीय अधिकारियों व कार्मिकों को निर्देशित किया कि योगा संगम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने हेतु आमजन को अधिकाधिक जागरूक कर योग कार्यक्रम से जोड़े। साथ एक ही स्वयं भी एक्टिव होकर कार्यक्रम में सहभागिता दिखायें। जिला स्तर पर अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन के जिला प्रभारी एवं आयुर्वेद विभाग के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मदन लाल शर्मा ने बताया कि जिले के विभिन्न धार्मिक, पर्यटन एवं प्रमुख स्थानों के साथ-साथ उपखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर तक योग प्रशिक्षकों द्वारा आमजन को योग का अभ्यास करवाया जायेगा।

# पं.दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े का आयोजन 24 जून से 09 जुलाई तक

## प्रत्येक ग्राम पंचायत व वार्डो में लगाये जायेगें षिविर

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग एवं पंक्ति में खड़े अन्तिम व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्धेष्य से मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देषानुसार आगामी 24 जून से 09 जुलाई तक प्रदेष भर में पं.दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़े का आयोजन किया जायेगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत व वार्ड स्तर पर आयोजित होने वाले षिविर में अनेक विभागों से जुड़े कार्य किये जायेगें। एसडीएम बृजेष कुमार ने जानकारी देते हुये बताया कि षिविर में राजस्व, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, उर्जा, पीएचईडी, जल संसाधन, कृषि, स्वास्थ्य, पषुपालन, षिक्षा, उच्च षिक्षा, स्वायत्त शासन व सामाजिक न्याय समेत राजस्व विभाग की दस गतिविधियां तथा अन्य 15 राजकीय विभागों को शामिल किया गया है। षिविर का समय प्रात: 09.30 से सायं 05.30 बजे तक रहेगा। जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी शामिल होगें। षिविर स्थल ग्राम पंचायत भवन, राजकीय विधालय समेत अन्य सार्वजनिक भवन होगें। षिविर के माध्यम से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर इनसे वंचित व पात्र लाभार्थियों के नाम जोड़कर लाभान्वित किया जायेगा। साथ ही इस सम्बंध में परिवाद प्राप्त करके मौके पर ही निस्तारण किया जायेगा।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस : जयपुर जिले में 2 लाख 51 हजार से ज्यादा लोग करेंगे योगाभ्यास

## जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने आमजन से की योगाभ्यास की अपील

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** जयपुर जिले में शनिवार, 21 जून को ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 उमंग, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत जयपुर जिले में 2 लाख 51 हजार से अधिक लोग योग का अभ्यास करेंगे। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आमजन से योगाभ्यास करने एवं योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की है। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन के प्रभारी एवं आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. बत्तीलाल बैरवा ने बताया कि जिले का मुख्य कार्यक्रम सवाई मान सिंह स्टेडियम में आयोजित होगा जिसमें राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री श्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़, सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, नगर निगम जयपुर ग्रेटर की महापौर श्रीमती सौम्या गुर्जर, विधायक श्री गोपाल शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधिगणों सहित 3 हजार से अधिक प्रतिभागी योगाभ्यास करेंगे। वहीं, अल्बर्ट हॉल, रामनिवास बाग पर 2000 प्रतिभागी, बिड़ला मन्दिर पर 600 प्रतिभागी, सिटी पार्क मानसरोवर में 200 प्रतिभागी, हवा महल के सामने 100 प्रतिभागी, पत्रिका गेट पर 700 प्रतिभागी, सेन्ट्रल पार्क में 600 प्रतिभागी, जलमहल की पाल पर 1000 प्रतिभागी, आमेर फोर्ट में 600 प्रतिभागी, श्री गलता जी मंदिर परिसर में 200 प्रतिभागी, सिटी पैलेस में 100 प्रतिभागी, श्री गोविन्द देव जी मंदिर में 200 प्रतिभागी, जयगढ़ फोर्ट में 100 प्रतिभागी कुल 9400 सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी एवं होम्योपैथी (आयुष) विभाग के तत्वाधान में जयपुर के प्रमुख स्थानों पर योग प्रशिक्षकों द्वारा आमजन को योग का अभ्यास करवाया गया है। जयपुर शहर के विभिन्न धार्मिक व पर्यटन स्थलों प्रमुख स्थानों के साथ-साथ उपखंड एवं ग्राम पंचायत स्तर तक योग प्रशिक्षकों द्वारा आमजन को योग का अभ्यास करवाया जाएगा। सामूहिक योगाभ्यास से पूर्व आयोजन स्थल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संबोधन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जयपुर ग्रामीण क्षेत्र में धार्मिक एवं पर्यटन स्थल जमवाय माता मन्दिर, जमवारामगढ, शीतला माता मंदिर, चाकसू, शाकम्भरी माता मन्दिर (कोरसीना), श्री दादू धाम पीठाधीश्वर मंदिर, नरैना, एवं ब्लॉक स्तर तथा ग्राम पंचायत स्तर पर एवं सभी आयुर्वेद चिकित्सालय, औषधालय, आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में संभावित कुल 2 लाख 51 हजार योगाभ्यासियों को दक्ष योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि जयपुर जिले में स्वयं सेवी संस्थाओं, योग संस्थाओं एवं विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं के द्वारा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर भी योगा कराया जायेगा। योगा संगम पोर्टल पर अब तक 1 हजार 652 स्थानों का रजिस्ट्रेशन करवाया जा चुका है।

**सर्वसाधारण से किया योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान - एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर मनाया जाएगा**



# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर सरस योग संगम आयोजित

## राज्यपाल ने प्रशस्ति पत्र और अपनी ओर से नकद पुरस्कार प्रदान कर योग प्रतिभाओं का किया सम्मान

- राज्यपाल बागडे ने सेंट्रल पार्क में स्वयं योग किया
- राज्यपाल ने कहा, स्वस्थ जीवन जीने का संदेश देता है योग
- योग हजारों सालों से चली आ रही हमारी संस्कृति है : राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर,(का.स.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को सेंट्रल पार्क में स्वयं योग करके आम जन को योग क्रियाएं करवाई। उन्होंने युवाओं और 50 वर्ष के ऊपर के लोगों के लिए योग और गति से जुड़ी विभिन्न शारीरिक मुद्राओं का प्रदर्शन कर प्रतिदिन इन्हें कर स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग हजारों साल से चली आ रही हमारी संस्कृति है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए 21 जून को इसलिए चुना गया की वर्ष के 365 दिन में यह सबसे बड़ा दिन होता है। उन्होंने कहा कि मूलत: योग भारत का हैं। महर्षि पतंजलि ने इसकी शुरुआत की। जो योग नियमित करता है, वह जीवन पर्यंत स्वस्थ रहता है और उसकी आयु बढ़ती है। राज्यपाल ने शुक्रवार को सेंट्रल पार्क में राजस्थान कॉपरेटिव फेडरेशन, सरस डेयरी द्वारा आयोजित सामूहिक योग एवं स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम में भाग लेने के साथ ही योग शिक्षकों, कलाकारों और योग शिक्षण से जुड़े प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र और अपनी ओर से नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उद्योग, खेल एवं युवा मामले विभाग मंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि योग मन, बुद्धि और शरीर की एकता स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी लगातार काम करते हैं और इसकी प्रेरणा योग को बताते हैं। उन्होंने कहा कि भागमभाग की इस जिंदगी में योग से ही स्वस्थ रहा जा सकता है।

विधायक गोपाल शर्मा ने योग की भारतीय परंपरा और योगेश्वर श्री कृष्ण की चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सीमा पर आतंकवाद के ठिकाने नष्ट करने को महती बताते हुए कहा कि यह भी योग से संभव हुआ। आरंभ में प्रबंधक निदेशक श्रीमती श्रुति भारद्वाज ने स्वागत उद्बोधन में सरस की गतिविधियों और योग संस्कृति के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया। सरस डेयरी के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश पुनिया भी उपस्थित रहे। इससे पहले तन्मय सिंह राव और अंकुश ने दुर्लभ योग मुद्राओं का प्रदर्शन किया। डॉ. महेंद्र सिंह राव के नेतृत्व में लोगों ने सामूहिक योग, व्यायाम भी किया।

# जयपुर सेंट्रल जेल में कैदी बाथरुम में कपड़े के लगाया फांसी का फंदा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** लालकोठी थाना इलाके में स्थित जयपुर सेंट्रल जेल में एक कैदी बाथरुम में कपड़े के फंदे से वह लटका मिला। बताया जा रहा है कि तीन साल पहले किन्नर की हत्या में वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। पुलिस सूचना पर जेल पहुंची और पोस्टमॉर्टम के लिए शव को सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

एसआई बन्ना लाल ने बताया कि नाहरगढ़ इलाके के बगरू वालों का रास्ता निवासी नरेश मूलानी उर्फ नीशू (34) पुत्र गोविंद राम ने आत्महत्या की है। जिसने साल-2022 में नाहरगढ़ इलाके में एक किन्नर की हत्या कर दी थी। जिसे हत्या के मामले में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया था। किन्नर की हत्या में उसे आजीवन कारावास की सजा हुई थी। जयपुर सेंट्रल जेल के बैरक नंबर-8 में वह आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। जहां दूसरे बंदियों के इधर-उधर होने पर नरेश बाथरुम में गया।

बाथरुम की खिड़की से कपड़े का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। कुछ देर बाद अन्य बंदियों के बाथरूम में जाने पर नरेश फंदे से लटका मिला। आत्महत्या की सूचना पर जेल प्रशासन मौके पर पहुंचा। जेल प्रशासन ने पुलिस को जांच के लिए बुलाया। पुलिस ने जांच कर फंदे से शव को उतारा और इसके बाद पोस्टमॉर्टम के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया।


**कार्यालय नगर पालिका निवाई**

क्रमांकः-न.पा.नि./निर्माण/2025-26/3423 दिनांकः- 11.06.2025

**ई. बोली सूचना संख्या :- 13/2025-2026**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में नगर पालिका निवाई में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों एवं विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागो के संबंधित श्रेणी में "A" "AA" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं स्वायत्त शासन विभाग में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदको से, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in व 'http://www.eproc.rajsthan.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| | | |
|---|---|---|
| बोली का कार्य | : | NIB Code:- DLB2526A2561 (कुल 7 कार्य) |
| Unique Bid Number | : | DLB2526WSOB08123, 124, 125, 126, 127, 129, 132 |
| बोली की कुल लागत | : | Rs 161.84 लाख (सभी कार्यो की अनुमानित लागत) |
| बोली जारी करने की दिनाक | : | दिनांक 17.06.2025 को 13:00 बजे से |
| बोली दस्तावेजो को डाउनलोड करने की शुरूआती दिनांक व समय | : | दिनांक 17.06.2025 को 13:00 बजे से |
| ऑन लाईन बोली जमा कराने की अन्तिम दिनांक | : | दिनांक 27.06.2025 सांय 18.00 बजे तक |
| ऑनलाईन तकनीकी बिड खोलने की दिनांक | : | दिनांक 30.06.2025 को अपराह 12:00 बजे |
| वित्तीय बिड खोलने की दिनांक व समय | : | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |
| बिड की वैधता समयावधि | : | 120 Day |

अध्यक्ष नगर पालिका निवाई

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई

राज.संवाद/सी/25/4461


# फर्जी कागजात बनाकर करोड़ों के भूखंडों पर कब्जा करने वाले भू माफिया गिरोह का पर्दाफाश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फर्जी कागजात बनाकर करोड़ों के भूखंडों पर कब्जा करने वाले भू माफिया गिरोह को पकड़ा है और शातिर हिस्ट्रीशीटर श्याम सिंह और राजेश तंवर गिरफ्तार किया है। आरोपित गुर्जर की थड़ी स्थित चंपानगर कॉलोनी में करोड़ों के भूखंड पर कब्जा कर निर्माण कार्य शुरू किया था। जहां आरोपियों ने सोसाइटी से मिलीभगत करते हुए भूखंड के फर्जी डॉक्यूमेंट बना लिए थे। पुलिस जानकारी में सामने आया कि परिवादी नारायण संगतानी ने 1998 में इकरारनामा के जरिए प्लाट क्रय किया था। प्लॉट को संभालने के दौरान श्याम सिंह और राजेश तंवर का कब्जा मिला। विरोध करने पर आरोपियों ने परिवादी को मौके से भगाया।

पुलिस जांच में सामने आया कि प्लॉट की मूल आवंटी पुष्पा देवी की मौत के 3 वर्ष बाद आरोपी राजेश तंवर ने इस फर्जीवाड़े के खेल को रचा और फर्जी इकरारनामा तैयार कर क्रेता बनकर प्लॉट की रजिस्ट्री करवा ली थी। आरोपी श्याम सिंह के खिलाफ पुलिस रिकॉर्ड में डेढ़ दर्जन से ज्यादा धोखाधड़ी समेत अन्य आपराधिक मामले दर्ज है। साथ ही आरोपी श्याम सिंह मुरलीपुरा थाने का हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# एसीएमई सोलर ने राजस्थान में 250 मेगावॉट के एफडीआरई प्रोजेक्ट के लिए एनएचपीसी के साथ साइन किया पीपीए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** भारत की अग्रणी रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी, एसीएमई सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड (एसीएमई सोलर) ने राजस्थान में अपने 250 मेगावॉट के फर्म एंड डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी (एफडीआरई) प्रोजेक्ट के लिए एनएचपीसी लिमिटेड, जो एक ट्रिपल-ए रेटेड सरकारी उद्यम है, के साथ 25 साल का बिजली खरीद समझौता (पीपीए) साइन किया। यह समझौता 4.56 रुपये प्रति किलोवाट घंटे की दर पर हुआ है, जिसमें न्यूनतम 40त्न वार्षिक क्षमता उपयोग (सीयूएफ) और रोजाना 4 घंटे की पीक पावर की 90त्न जरूरत को पूरा करना शामिल है। यह पीपीए एसीएमई सोलर की एफडीआरई क्षेत्र में स्थिति को मजबूत करने और सोलर, विंड, व बैटरी स्टोरेज टेक्नोलॉजी के नए मिश्रण के साथ भारत की स्वच्छ ऊर्जा महत्वाकांक्षाओं को समर्थन देने का महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रोजेक्ट एक आईएसटीएस सबस्टेशन से जुड़ा होगा, जिसके लिए कनेक्टिविटी पहले से ही मौजूद है। टैरिफ को अपनाने के लिए इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 के सेक्शन 63 के तहत जरूरी मंजूरी 19 जून 2025 को माननीय सीईआरसी द्वारा एनएचपीसी की याचिका संख्या 87/एटी/2025 में दी गई है। इस पीपीए पर हस्ताक्षर करने के बाद, एसीएमई सोलर का पीपीए-साइन किया हुआ पोर्टफोलियो 5,130 मेगावॉट का हो गया है, जिसमें से 2,826.2 मेगावॉट पहले से ही चालू है, और बाकी विभिन्न चरणों में लागू हो रहा है। इसके अतिरिक्त, कंपनी के पास 1,840 मेगावॉट की एक मजबूत पाइपलाइन है, जिसके लिए लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) प्राप्त हो चुका है। एसीएमई सोलर के कुल पोर्टफोलियो में 86प्रतिशत हिस्सा केंद्रीय सरकारी उद्यमों के साथ और बाकी 14 प्रतिशत राज्य बिजली वितरण कंपनियों के साथ है।

ACME Leading Through Innovation


**OFFICE SUPERINTENDING ENGINEER P.H.E.D CIRCLE TONK**

NO. 2386 Date 06-06-25

NOTICE INVITING TENDERS THROUGH E-Procurement system
NIT No. 14/2025-26

Bids are invited from interested bidders from 09.05.2025 (12.00 PM) to 23.06.2025 (02.00 PM) as per following details Others particulars of the bid may be visited on procurement portal (http:/sppp.raj.nic.in) of the state.

NIB No:-PHE2526A1610

| NIT No. | Name of work | UBN.No |
|---|---|---|
| 14/2025-26 | Hiring of computer Operator Men with Machine Estimate cost Rs. 1.40 Lacs. | PHE:2526550B 3307 |

Date & time of opening of tender 23.06.2025 at 03:30 PM

(Rajesh Kumar Goyal)
Superintending Engineer
PHED Circle Tonk

## सम्पादकीय

# सिस्टम स्लो, सर्वर डाउन, और पैसा डबल कट : ये है फास्टैग का सच, उपभोक्ताओं की सुनवाई कहां

राजमार्गों के जाल और साथ ही बढ़ते टोल नाके। इन टोल नाकों पर फास्टैग प्रणाली का समूचा ढांचा संचालन की खामियों के कारण सवालों के घेरे में है। सरकार ने फास्टैग आधारित तीन हजार रुपए वाले वार्षिक पास की योजना का एलान किया है और दावा किया है कि इससे कई तरह के झंझटों से लोगों को मुक्ति मिल जाएगी। इस पास में पूरे साल टोल टैक्स देने की जरूरत नहीं है, लेकिन शर्तें भी लगाई गई हैं। इस योजना के तहत एक साल में दो सौ चक्कर लगा सकते हैं। यह योजना अभी सिर्फ राष्ट्रीय राजमार्गों एवं पूर्वोत्तर के टोल प्लाजा पर ही मान्य होगी। राज्य मार्गों के अंतर्गत आने वाले टोल नाकों पर यह नया पास नहीं चलेगा। यह केंद्र सरकार की योजना है और इसमें राज्यों को जोड़ने की कवायद दुरुह है। इसके लिए ढांचा तैयार करना आसान नहीं होगा। यह तो नई योजना की बात हुई। फास्टैग की पूरी प्रणाली को लेकर ही उपभोक्ताओं की ढेरों शिकायतें हैं। उन शिकायतों की न तो कहीं सुनवाई हो रही है और न ही किसी स्तर पर चीजें ठीक करने की कोशिश दिख रही है। देश में 39 बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को फास्टैग जारी करने का अधिकार दिया गया है। क्या ये लोग अपनी जिम्मेदारी निभा पा रहे हैं। जब कोई उपभोक्ता अपनी समस्या लेकर बैंक के पास जाता है तो उसे यह कहकर टाल दिया जाता है कि काम 'तीसरी पार्टी' के पास है। अब उपभोक्ता तीसरी पार्टी को कहां ढूंढने जाए। खराब हुआ फास्टैग स्टीकर, खाते में से बार-बार राशि कट जाना, दोगुना टोल भुगतान, सर्वर की गड़बड़ी, इस तरह की खामियों की आखिर कौन लेगा जिम्मेदारी। कैसे उपभोक्ता को अपनी परेशानियों से निजात मिलेगी। सरकार के टोल संग्रह के आंकड़े में बढ़ोतरी हो रही है। यह अच्छी बात है, लेकिन बढ़िया सेवा की उम्मीद तो उपभोक्ता करेगा ही। इसमें दो राय नहीं कि ढांचा अच्छा है। इससे किसी को इनकार नहीं हो सकता। लेकिन खामियां भी हैं, जिनसे आम उपभोक्ता परेशान हो रहा है। इस योजना का लाभ तभी मिल सकता है, जब सड़कें दुरुस्त हों और लोगों को अपनी यात्रा में किसी प्रकार की कोई दिक्कत न आए। लेकिन हैरत की बात है कि फास्टैग प्रणाली से पांच हजार करोड़ का राजस्व जमा करने वाली कंपनी का कोई ऐसा दफ्तर नहीं, जहां कोई उपभोक्ता पहुंच सके और अपनी बात रख सके। टोल नाकों पर लोग दिखते हैं, लेकिन वे उपभोक्ताओं के प्रति कितने जिम्मेदार होते हैं इसको लेकर सवाल हैं। उन लोगों के लिए जटिलता और बढ़ जाती है, जो पहली बार फास्टैग ले रहे हैं या जिन्हें इसकी प्रक्रिया के बारे में सटीक जानकारी नहीं है। अनधिकृत विक्रेता आसानी से अपने चंगुल में फांस लेते हैं। इस तरह के लोगों पर अंकुश कैसे लगे। राजमार्गों का चमचमाता तंत्र विकसित करना ही पर्याप्त नहीं है। राजमार्गों की व्यवस्था तभी मजबूत कही जाएगी, जब इस्तेमाल के लिए सुचारु व्यवस्था होगी, मजबूत तंत्र खड़ा किया जाएगा और उपभोक्ताओं को अपनी यात्रा में कोई दिक्कत नहीं होगी।


## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 21 जून की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मुल्दल सेना ने 1576 में हल्दीघाटी की लड़ाई में राणा प्रताप सिंह को परास्त कर दिया।
- जॉन जेड हॉलवेल के नेतृत्व वाली अंग्रेज सैन्य टुकड़ी ने 1756 में बंगाल के नबाव सिराजउद्दौला के समक्ष आत्मसमर्पण किया। उसी रात हुई एक नृशंस घटना में 123 अंग्रेज कैदियों की मौत हो गयी।
- मेडिकल में बैचलर डिग्री हासिल करने वाले जॉन आर्चर 1768 में पहले अमेरिकी बने।
- ज्ञानेंद्र मोहन टैगोर 'लिंकन्स इन' से वकालत की डिग्री हासिल करने वाले प्रथम भारतीय 1862 में बने।
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने 1898 में स्पेन को हराकर गुआम पर कब्जा किया।
- बर्लिन पर 1944 को भाड़ी मात्रा में बमबारी की गई।
- कनाडाइ संसद ने 1947 में एकमत होकर शरणार्थियों को देश से बाहर करने का कानून पास किया।
- सी. राजगोपालाचारी 1948 में भारत के अंतिम गर्वनर जनरल बने।
- राजस्थान उच्च न्यायालय की स्थापना 1949 में हुई।
- एलेन फेयरक्लो ने 1957 में कनाडा की पहली महिला कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।
- कार्डिनल जियोवानी बैट्टिस्टा मोन्टिनी पोप पॉल षष्ठम 1963 में चुने गए।
- वेस्टइंडीज टीम ने 1975 में पहला वर्ल्ड कप जीतने का गौरव हासिल किया था।
- मुस्तफा बुलेंट एसविट ने 1977 को तुर्की में सरकार का गठन किया।
- पी.वी.नरसिम्हाराव ने 1991 में भारत के नौंवे प्रधानमंत्री बनें।
- तमिलनाडु के कुडनकुलम में परमाणु ऊर्जा केंद्र स्थापित करने के लिए 1998 में भारत और रूस 2.5 अरब डॉलर के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- मनमोहन सिंह 1999 में भारत के वित्तमंत्री बने।
- कोसोवो लिबरेशन आर्मी (के.एल.ए.) तथा कोसोवो शांति सैनिक बल के बीच विसैन्यीकरण समझौता 1999 में संपन्न हुआ।
- पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने 2001 में आतंकवादी विरोधी क़ानून बहाल किया, अमेरिका मुशर्रफ़ के राष्ट्रपति बनने से नाराज़।
- ज़मीरुद्दीन सरकार 2002 में बांग्लादेश के राष्ट्रपति बने।
- यूरोपियन यूनियन के 15 राष्ट्राध्यक्षों की 2002 को सेविलिया (स्पेन) में बैठक शुरू।
- जेके रोलिंग की पांचवी किताब हैरी पॉटर एंड द ऑर्डर ऑफ द फोनिक्स 2003 में जारी हुई।
- चीन ने 2004 में भारत और पाकिस्तान वार्ता का समर्थन किया।
- डोनाल्ड त्यांग 2005 में हांगकांग के नये प्रशासक बने।
- फ़िलिपीन्स में 2008 को विनाशकारी तूफ़ान फेंगसेन की चपेट में आने से सैकड़ों लोगों की मृत्यु।
- भारत की बैडमिंटन स्टार खिलाड़ी सायना नेहवाल ने 2009 में सुपर सीरीज बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीता। ऐसा करने वाली वह पहली भारतीय महिला हैं।
- ऑस्ट्रेलिया 2012 को जा रही नौका के डूबने से 90 शरणार्थियों की मौत।
- भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने 2012 में 11 सीमेंट कंपनियों को व्यापार संघ बनाकर कीमत का निर्धारण करने का दोषी ठहराते हुए 6000 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया।

विशेष आलेख

# यह युद्ध दुनियां को कहां ले जाएगा?



अशोक भाटिया

**ईरान और इजरायल के बीच की जंग शुक्रवार, 20 जून को आठवें दिन में प्रवेश कर गई। दोनों तरफ से एक-दूसरे पर हवाई हमले बिना रुके जारी हैं। इजरायल की मिसाइलें जहां ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों और इंडस्ट्रियल एरिया को बिना रुके निशाना बना रही हैं वहीं ईरान की मिसाइलों की जद में इजरायल का हॉस्पिटल भी आया है जहां बड़ा नुकसान हुआ है। इन सबके बीच दोनों तरफ से हमला रिहायशी इलाकों में भी हो रहा है जहां आम लोगों को जंग की कीमत चुकानी पड़ रही है। बड़ी बात यह है कि अभी सीजफायर का नामो-निशान नजर नहीं आ रहा है। ईरान-इजरायल संघर्ष में एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या अमेरिका जंग में कूदने जा रहा है। व्हाइट हाउस का कहना है, नेगोशिएशन की संभावना के कारण, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अगले दो सप्ताह के भीतर फैसला करेंगे कि अमेरिका इजरायल-ईरान संघर्ष में शामिल होगा या नहीं।**

वहीं तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और जंग को समाप्त करने पर बातचीत के लिए ईरान के विदेश मंत्री आज जिनेवा में फ्रांस, जर्मनी और यूनाइटेड किंगडम के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक करने वाले हैं। गौरतलब है कि 10 जून को, सीबीएस न्यूज ने अमेरिकी अधिकारियों को सूत्रों के हवाले से कहा कि इजरायल ईरान में सैन्य कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा था। संयुक्त राज्य अमेरिका को डर था कि अगर इजरायल ने ईरान पर हमला किया तो ईरान पड़ोसी इराक में कुछ अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला करके जवाबी कार्रवाई कर सकता है। 12 जून की रात से, इज़राइल ने पहले मिसाइलें लॉन्च कीं, इसके बाद विमान और ड्रोन द्वारा हमले किए गए। वायु रक्षा प्रणाली और परमाणु कार्यक्रम को जबरदस्त नुकसान हुआ। ईरानी सेना के प्रमुख, चीफ हुसैन सलामी और मेजर जनरल बाघेरी के साथ कई कमांडर और छह वैज्ञानिक भी मारे गए। जवाब में, ईरान ने भी मिसाइलों के साथ इजरायल पर हमला किया। उन्होंने तेल अवीव सहित इजरायल के अन्य प्रमुख शहरों को नुकसान पहुंचाया। पश्चिमी खुफिया एजेंसियों ने 2002 में ईरान के गुप्त परमाणु कार्यक्रम का खुलासा किया। वे ऐसा करने की धमकी दे रहे थे। यहां तक कि जब ईरान के राष्ट्रपति और विदेश मंत्री एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए थे, तब भी ईरान ने इस घटना में इजरायल के शामिल पाए जाने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। तब भी, दुनिया को संदेह था कि ईरान परमाणु सक्षम था। दिसंबर 2024 में ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी ने इजरायल को सीधे परमाणु हमले की धमकी दी थी। ऐसा ही हुआ और दुनिया भर में हंगामा मच गया। उस समय ईरान की विदेश नीति समिति के एक पूर्व सदस्य ने दावा किया कि ईरान के पास पहले से ही परमाणु हथियार हैं और अभी तक उनका परीक्षण नहीं किया है, और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मीडिया को बताया कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने के बहुत करीब है, इसलिए देश पर कड़े प्रतिबंध लगाना आवश्यक है। इस तरह का बयान देते हुए उन्होंने ईरान के तेल निर्यात को निशाना बनाने का आदेश दिया। इसके जवाब में इस्त्रायल की ढाल बन चुके अमरिका को युद्ध की आग में जलाने की धमकी भी ईरान ने दी थी। इस खतरे के मद्देनजर अमेरिका ने अरब सागर में अपनी तैनाती बढ़ा दी थी। इजरायल की सुरक्षा संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए चिंता का कारण नहीं है, लेकिन संयुक्त राज्य अमेरिका भी ईरान की परमाणु क्षमताओं पर संदेह करता है, इसलिए यह कहने के लिए जगह है कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने इजरायल की आड़ में ईरान पर हमला किया। इजरायल को परमाणु बम बनाने और छिपाने के ईरान के प्रयासों पर संदेह है। ईरान दुश्मन राष्ट्र पर परमाणु हमला करने में कभी नहीं हिचकिचाएगा यदि उसके अस्तित्व पर सवाल उठाया गया है। कोई देश गारंटी नहीं दे सकता। इसके अलावा, संयुक्त राज्य अमेरिका और पश्चिम ईरान से डरते हैं। संदेह है कि ईरान ने पाकिस्तान से परमाणु हथियार बनाने की तकनीक हासिल की होगी। इस बात पर भी संदेह है कि पाकिस्तान के पास अपने देश में परमाणु हथियार कितने सुरक्षित हैं। यही हाल ईरान का भी है। अगर ये परमाणु हथियार सीरिया, यमन, फिलिस्तीन और लेबनान में इजरायल विरोधी हमास और हिजबुल्लाह के हाथों में पड़ गए तो पूरी दुनिया हैरान रह जाएगी। इसी डर के जवाब में इस्फ़हान न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी सेंटर के पास इसराइल ने हमला किया। इनमें एक परमाणु अनुसंधान रिएक्टर, एक यूरेनियम रूपांतरण संयंत्र और एक ईंधन उत्पादन संयंत्र शामिल हैं, लेकिन इजरायल ने उस समय ईरान की परमाणु सुविधाओं को सीधे निशाना नहीं बनाया था, हालांकि इजरायल ने कहा कि हमले ईरानी नेतृत्व के लिए अपनी परमाणु नीति पर पुनर्विचार करने के लिए खतरा थे। पिछले कुछ दिनों में, इजरायल और ईरान के बीच तनाव अपने पारंपरिक प्रॉक्सी प्रकृति से दूर चले गए हैं और एक-दूसरे के क्षेत्रों पर सीधे हमलों के रूप में खुद को प्रकट किया है, जिससे ईरान की परमाणु समस्या के समय पर और गैर-सैन्य समाधान की आवश्यकता बढ़ गई है, इसलिए ट्रम्प ने ईरान पर वाणिज्यिक प्रतिबंध लगाना शुरू कर दिया जब उन्होंने दूसरे कार्यकाल के लिए पदभार संभाला, लेकिन आज तक के अपने इतिहास को देखते हुए, इजरायल को इस बात पर संदेह था कि ईरान अपनी खुफिया एजेंसी, मोसाद के माध्यम से इसे कितनी गंभीरता से लेगा। यह कहना सुरक्षित है कि ईरान ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम के बारे में वर्गीकृत जानकारी प्राप्त करने और कथित खतरे को महसूस करने के बाद कार्रवाई की। पिछले कुछ वर्षों में, ईरान ने हमास और हिजबुल्लाह जैसे इजरायल विरोधी आतंकवादी संगठनों के समर्थन में हथियारों की खरीद पर बहुत पैसा खर्च किया है, जिससे उन्हें इजरायल से लड़ने में मदद मिली, जो इन आतंकवादी समूहों का समर्थन करने के लिए सैन्य ठिकानों, हथियार डिपो और मिसाइल कारखानों का संचालन करता है। इजरायल के अनुसार, ईरान गुप्त रूप से परमाणु हथियार विकसित करने की कगार पर है और इसकी यूरेनियम संवर्धन गतिविधियों की सीमा अज्ञात है। ऐसी स्थिति में, यदि ईरान परमाणु हथियार का उत्पादन करता है, तो उसके आतंकवादी संगठनों के हाथों में पड़ने की संभावना है।

# बेटी की विदाई, मां की अंतिम 'अनूठी विदाई'



राकेश शर्मा

**रणथंभौर में बाघिन एवं उसकी बेटी की कहानी भी कमोबेश सभी को भावुक कर देने वाली है। जी हां, बेटी की विदाई के कुछ ही दिनों बाद उस बाघिन मां एरोहेड ने भी दम तोड़ दिया। और उल्लेखनीय है कि जब वह जिंदा थी तो शिकार के अनोखे अंदाज के लिए फेमस थी। उसकी मौत वन्य प्रेमियों के लिए किसी झटके से कम नहीं है। और इसे रणथंभौर रिजर्व एरिया का एक इतिहास खत्म होने जैसा माना जा रहा है।**

**मां बेटी का रिश्ता कितना नजदीक का होता है यह हमने मनुष्य प्रवृत्ति में तो देखा ही है लेकिन राजस्थान के**

### बेटी की विदाई के बाद मां की मौत

चन्द दिनों पहले उसकी बेटी कनकटी (आरबीटी -2507) की रणथंभौर से कोटा के मुकुंदरा टाइगर रिजर्व के लिए विदाई हुई। कुछ ही समय बाद मां एरोहेड चल बसी। वन अधिकारियों ने बताया कि एरोहेड (टी-84) ब्रेन ट्यूमर से जूझ रही थी, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई।

### ऐसे नाम पड़ा 'एरोहेड'

पिछले कुछ सालों तक बाघिन एरोहेड जोन 2, 3, 4 और 5 में राज कर रही थी। जिसे कईयों बार राजबाग झील और नलघाटी क्षेत्रों के आस-पास देखा जाता था। वह मगरमच्छों को मारने की अपनी दुर्लभ क्षमता के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध थी। टी-19 कृष्णा (बाघिन मछली का वंशज) और नर टी-28 स्टार से जन्मी एरोहेड मार्च 2014 में जन्मी। उसके बाएं गाल पर विशिष्ट तीर के आकार के निशान के कारण उसका नाम एरोहेड रखा गया था। वहीं, वन विभाग ने बाघिन टी-84 यानी एरोहेड की बेटी कनकटी को मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में शिफ्ट किया है। कनकटी ने 16 अप्रैल को त्रिनेत्र गणेश मंदिर के पास 7 वर्षीय बालक कार्तिक सुमन व इसके बाद 11 मई को कनकटी ने वन रेंजर देवेंद्र चौधरी पर हमला किया था। जिसमें दोनों की मौत हो गई।

### मां 'मछली' की विरासत को आगे बढ़ाया

रणथंभौर के सीनियर वन्यजीव गाइड शाकिर अली ने कहा कि बाघिन एरोहेड ने ताकत और भावना दोनों ही रूप में अपनी मां 'मछली' की विरासत को आगे बढ़ाया। फील्ड डायरेक्टर अनूप के आर के मुताबिक, इस बाघिन का जन्म फरवरी 2014 में हुआ था। उसे ज्यादातर उद्यान के जोन 2, 3, 4 और 5 में देखा गया था, जिसमें नलघाटी और राजबाग झील उसका मुख्य क्षेत्र था। एरोहेड को न केवल उसके आकर्षक रूप के लिए बल्कि बाघों की आबादी बढ़ाने में उसकी अहम भूमिका के लिए भी सराहा गया।

### 4 बार मां बनी, 10 शावकों को जन्म दिया

एरोहेड चार बार मां बनी और 10 शावकों को जन्म दिया, जिनमें से छह अब भी जीवित हैं। यह बाघिन आखिरी बार 2023 में मां बनी थी। बाघिन की मौत उसकी बेटी 'कनकटी' को वन विभाग द्वारा उद्यान से बाहर ले जाने के कुछ ही दिनों बाद हुई है।



### भावुक हुए रणथंभौर के अधिकारी

रणथंभौर नेचर गाइड एसोसिएशन के सदस्यों व अन्य वन्यजीव प्रेमियों ने एरोहेड को पुष्पांजलि अर्पित की। एसोसिएशन के अध्यक्ष यादवेंद्र सिंह ने कहा कि एरोहेड को उसके उग्र स्वभाव और उद्यान की पारिस्थितिक विरासत पर गहरी छाप के लिए याद किया जाएगा। उसका जाना रणथंभौर रिजर्व एरिया का एक इतिहास खत्म होने जैसा है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



सुनीता गोदारा
(लेखिका)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं सुनीता गोदारा जोकि एक चिंतनशील विचारक और लेखिका हैं। 14 दिसम्बर सन 1976 को बाढमेर जिले के जालीपा में जन्मी सुनीता एक चिंतनशील महिला हैं। एम ए हिन्दी साहित्य से कर बीएड़ किया हुआ है। प्रेम अविन और वातायन नाम से एक किताब भी प्रकाशित हुई है इसके साथ ही विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में दर्जनों कविताए व आलेख प्रकाशित हुए हैं। इनके पति राजस्थान पुलिस में निरीक्षक हैं जोगेन्द्र चौधरी जाकि इस समय जौधपुर में अपनी सेवाए दे रहे हैं। पुस्तक पढने में रूचि है दो भाई हैं इनके एक भाई जगदीश पाल बाहरवी तक स्कूल चलाते हैं, दूसरा भाई डॉ.महिपाल राजकीय चिकित्सालय बाड़मेर में फ़िजिशियन डॉक्टर है। मां प्रधान पिता एलआईसी से रिटायर्ड होकर चौथी बार सरपंच है वर्तमान में। इनकी रुचि लेखन और बागवानी में अत्याधिक है। अपने पति के साथ हुई दुघर्टना को एक आलेख बदनामी झेलती पुलिस का एक चेहरा ऐसा भी शीर्षक के नाम से प्रकाशित कर खाकी के दर्द,कर्तव्य व फर्ज के प्रति जिम्मेदारी और पुलिस का अपने परिवार के प्रति दायित्वों का बोध कराते उस आलेख को राजस्थान भर में ना केवल पुलिस परिवारों द्वारा सराहा गया अपितू समाज के हर तबके ही ऑखों को खोलने वाला आलेख साबित हुआ जहां पुलिस को लूटेरा साबित किया जा रहा हो वहां पुलिस अपने कर्तव्य के प्रति अपने परिवार की चिंता ना करते हुए जान पर खेल कर अपना फर्ज निभाते हुए नजर आए। इनके पति जोगेन्द्र सिंह चौधरी का कहना है कि पुलिस के लिए सबसे बड़ी जीत अपराध रोकना नहीं है बल्कि उसे अपने परिवार से अपने लिए सहयोग मिलना है। क्योंकि पुलिस की नौकरी में समय कब कहां बीत जाए कहा नहीं जा सकता। ऐसे में जोगेन्द्र चौधरी स्वयं को सौभाग्य शाली मानते हैं कि चिंतनशील जीवनसाथी परिवार रूपी रथ के सारथी के रूप में मिला है। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्वल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_045
बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 8 |
| | 7 | 8 | 3 | | | 6 | 1 | 4 |
| 1 | | | | | | 9 | | 5 |
| | 4 | | | | 5 | | 8 | |
| 3 | | | 9 | | 8 | | | 6 |
| | 8 | | 4 | | | | 9 | |
| 4 | | 7 | | | | | | 3 |
| 8 | 1 | 3 | | | 6 | 4 | 5 | |
| 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | | | |

Ans_2025_044

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 3 | 5 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 |
| 1 | 9 | 6 | 5 | 3 | 8 | 4 | 2 | 7 |
| 5 | 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 6 | 8 | 5 | 3 |
| 9 | 5 | 2 | 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 1 |
| 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 | 2 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 4 | 1 | 2 | 5 | 3 | 9 | 8 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
आज का दिन आपके लिए वाणी और व्यवहार पर संयम बनाए रखने के लिए रहेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आपके जीवनसाथी से अपने आगे के भविष्य को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

### वृष
आज आप किसी संपत्ति का सौदा बहुत ही ध्यान से करें और उसके चल व अचल पहलुओं को स्वाधीनता से जांचना होगा। आपको कार्यक्षेत्र में कामों को लेकर भागदौड़ अधिक रहेगी। आप आज खर्च अधिक करेंगे।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी नौकरी में प्रमोशन मिलने से एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है। अपनी योजनाओं को लेकर यदि परेशान थे, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपकी बिजनेस की कोई लंबे समय से रुकी हुई टीम फाइनल हो सकती है,जो आपको खुशी देगी। आप परिवार के सदस्यों को कहीं घुमाने लेकर जा सकते हैं।

### सिंह
आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती हैं। आप किसी मकान या वाहन आदि की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों की अपने साथियों से खूब पटेगी।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप शीघ्रता और भावुकता में कोई निर्णय न लें। आपको किसी विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखने की आवश्यकता है।

### तुला
आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्ण रहने वाला है। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। धार्मिक कामों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। जीवनसाथी के साथ कुछ रोमांटिक समय व्यतीत करेंगे।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। लेनदेन से संबंधित मामलों में आपको थोड़ा ध्यान देना होगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा।

### धनु
आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आप काम को लेकर थोड़ी टेंशन ले सकते हैं। आपके खर्च अधिक रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। आपको किसी कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा।

### मकर
आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। बिजनेस कर रहे लोगों की आय बढ़ेगी, जो आपको खुशी देगी। आप अपने मनपसंद भोजन का आनंद लेंगे। आपको कुछ विशेष व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए पद-प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा। आप दोस्तों के साथ किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं। आपको अपने कामों को लेकर तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है।

### मीन
आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप कुछ नया सीखने की कोशिश में लगे रहेंगे। आप राजनीति में भी हाथ आजमाने की सोचेंगे। यदि आपका प्रॉपर्टी को लेकर कोई मामला अटका हुआ था, तो वह भी सुलझ सकता है।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलक्टर ने सुनी आमजन की परिवेदनाएं

## अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई कर उनके त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं सतर्कता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने जनसुनवाई में परिवादियों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की विस्तृत समीक्षा के साथ-साथ त्रिस्तरीय जनसुनवाई के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने, असंतुष्ट परिवादियों से दूरभाष पर वार्ता कर उनके संतुष्टिपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश सभी अधिकारियों को प्रदान किए। जनसुनवाई में परिवादी राजेश शर्मा ने सवाई माधोपुर पुराना शहर के सौरती बाजार में आमने सामने मंदिर के पास कच्ची नाली को पक्की बनवाने की गुहार लगाई इस पर कलक्टर ने नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना को प्रकरण की जांच की शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलवाने, कचरा संग्रहन वाहन भिजवाने, किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलवाने, सीमाज्ञान करवाने, वसीयत का नामांतरण खोलने, अवैध अतिक्रमण हटवाने, अवरूद्ध रास्त खुलवाने, बकाया भुगतान दिलवाने, पत्थरगढ़ी करवाने, राजकीय आवास की मरम्मत करवाने, विद्युत सप्लाई शुरू करवाने, नगर परिषद द्वारा पट्टा जारी नहीं करने, लंबित पेंशन प्रकरण का निस्तारण करवाने, विद्युत के ढीले तारों को कसवाने, नगर परिषद द्वारा टेण्डर की अमानत राषि दिलवाने, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित मकानों को अमृत जल योजना से जोड़ने, आवासीय पट्टा जारी नहीं करने, सहित कुल 119 प्रकरण प्राप्त हुए। जिला कलक्टर ने सभी प्रकरणों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को पारदर्शिता और मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रकरण अगली जनसुनवाई में पुनः प्रस्तुत नहीं हो, इसके लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ कार्रवाई सुनिश्चित करनी होगी।

# बड़ी लापरवाही : सरकारी अस्पताल में लटका मिला ताला, खुले आसमान के नीचे हुआ महिला का प्रसव

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** एक तरफ सरकार बेहतर स्वास्थ्य सेवा के दावे कर रही है। वहीं इसके विपरीत ग्रामीण क्षेत्र में हालात बद से बदतर हो रहे हैं। राजस्थान के सवाईमाधोपुर जिले में कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है। गुरुवार शाम राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मलारना स्टेशन पर चिकित्सा स्टाफ नहीं मिला। नतीजतन परिजनों को ही खुले में प्रसव कराना पड़ा। इससे जच्चा-बच्चा की जान पर बन आई। हालांकि, कुछ देर बाद अस्पताल का सफाईकर्मी मौके पर पहुंचा। उसने जच्चा-बच्चा को वार्ड में लिया। खास बात यह है कि सूचना के बाद भी एएनएम और चिकित्सा स्टाफ नहीं पहुंचा। बाद में परिजन 108 एबुलेंस से जच्चा-बच्चा को मलारना डूंगर सीएचसी ले गए।

**प्रसव पीड़ा होने पर लाए अस्पताल :** जानकारी के अनुसार बिलोली नदी निवासी कुंती देवी पत्नी दिलखुश मोग्या को प्रसव पीड़ा हुई। इस पर शाम साढ़े पांच बजे के लगभग परिजन उसे मलारना स्टेशन अस्पताल लेकर गए। जहां अस्पताल पर ताला लगा था। परिजनों ने चिकित्सा स्टाफ को ढूंढा, लेकिन कोई नहीं मिला। इस दौरान साथ आई महिला ने परिसर में लगे टीनशेड के नीचे कुंती देवी का प्रसव करवाया। करीब आधा घंटे बाद सफाईकर्मी राजेश मौके पर पहुंचा। उसने ताला खोल कर जच्चा-बच्चा को वार्ड में लिया।

**ग्रामीण बोले-पहले भी ऐसे मामले आ चुके सामने :** ग्रामीणों का कहना है कि मलारना स्टेशन अस्पताल में अक्सर चिकित्सा स्टाफ नदारद रहता है। इससे पूर्व भी यहां स्टाफ के अभाव में खुले में प्रसव हो चुके हैं। शिकायत के बावजूद इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। चिकित्सा स्टाफ की मनमानी से आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ हो रहा है।

**इनका कहना है :** अस्पताल का समय सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक का है। इसके बाद एएनएम ऑन कॉल आती है। वह लगभग पचास मीटर की दूरी पर किराए के मकान में रहती है। प्रसूता के परिजनों ने उन्हें फोन ही नहीं किया तो कैसे पता चलता। यहां प्रसव होते रहते हैं।

**डॉ. सचिन शर्मा, राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मलारना स्टेशन**

जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने भविष्य में ऐसी लापरवाही की पुनरावृत्ति रोकने हेतु प्रकरण की समुचित जांच कर दोषी अधिकारियों और कार्मिकों की जिम्मेदारी तय करने तथा उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया की अध्यक्षता में तीन सदस्य कमेटी का गठन किया है।

### खुले में प्रसव प्रकरण पर कलक्टर ने की सख्त कार्रवाई, चिकित्सक निलंबित

खुले में प्रसव प्रकरण की घटना को गंभीर मानते हुए जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने राजस्थान सिविल सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 13 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मलारना स्टेशन डॉ. सचिन शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी खण्डार किया है। साथ ही, चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन शर्मा एवं एएनएम किरण के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही विचाराधीन है। कलक्टर ने सीएमएचओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मलारना स्टेशन पर वैकल्पिक चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# दिन भर लगी बारिश की झड़ी, क्षैत्र के बांधो में पानी की आवक हुई शुरू

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र में शुक्रवार को दिन भ रूक रूक कर बारिश की झड़ी लगी एवं क्षैत्र के बांधो में पानी की आवक शुरू होने से किसानो के चेहरो पर मुस्कराहट दिखी। मालपुरा क्षैत्र में गुरूवार को शुरू हुआ बारिश का दोर शुक्रवार को भी दिन भर जारी रहा। दिन भर रूक रूक कभी तेज तो कभी बूंदाबांदी के रूप में बारिश चलती रहने से आम जन जीवन भी अस्तवस्त रहा। इधर क्षैत्र में मानसून पूर्व की बारिश से ही क्षैत्र के मुख्य सिंचाई स्त्रोतो में पानी की आवक शुरू हुईञ जल संसाधन विभाग के नियन्त्रण कक्ष के अनुसारर मालपुरा में 64 एमएम, चांदसेन में 20 एमएम, टोरड़ी सागर में 55 एमएम व लाम्बाहरिसिंह में 49 एमएम बारिश दर्ज हुई। बारिश के चलते मालपुरा क्षैत्र के टोरड़ी सागर बांध में 20 फुठ 5 इंच, भैंरू सागर चांदासेन में ,11.9 फुट, रामसागर लाम्बाहरिसिंह में 3 फुट, हालोलाव कलमण्डा में 6 इंच, रामसागर गणवर में 6 इंच किरावल सागर में 7.6 फुट पानी की आवक हुई हो चुकी है।

# योग दिवस का ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम डिग्गी के विजय सागर तालाब की पाल पर आज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा उनखण्ड के डिग्गी स्थित विजय सागर तालाब की पाल पर शनिवार को प्रातः 6.30 बजे से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि जिला कलक्टर के आदेशानुसार शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रमो का आयोजन किया जाना है। इसके अन्तर्गत मालपुरा क्षैत्र का ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम डिग्गी स्थित विजय सागर तालाब की पाल पर शनिवार को प्रातः 6.30 बजे से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का ब्लाक स्तरीय कार्यकम आयोजित होगा। उपखण्ड अधिकारी चौधरी ने आव्हान करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में मालपुरा ब्लाक के सभी अधिकारीयो कर्मचारीयो के अलावा स्वयंसेवी संस्थाओ के प्रतिनिधि व सदस्य तथा आम जन शामिल होकर इसे सफल बनावें और कार्यक्रम को आयोजित करने में सहयोग प्रदान करे।

# नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा कार्रवाई कर अवैध प्लॉटिंग एवं अतिक्रमण को हटाया

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा गुरूवार को न्यास क्षेत्राधिकार में बिना न्यास स्वीकृति एवं भू संपरिवर्तन के करीब 20 बीघा कृषि भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग/कॉलोनी व अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। नगर विकास न्यास की सचिव श्रीमती धीगदे स्नेहल नाना ने बताया कि टीम द्वारा रूपबास मदनपुरी रोड पर रेलवे अण्डरपास के पास ग्राम भूगोर में महेन्द्र शर्मा, गोलू जांगिड, ममता शर्मा वगैरह द्वारा लगभग 8 बीघा कृषि भूमि पर ग्रेवल सडक डालकर एवं कालूराम मीणा व धर्मेन्द्र मीणा, अजय, जगदीश वगैरह द्वारा लगभग 12 बीघा कृषि भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग को मौके से हटाने की कार्रवाई की गई।

# आज पटेल फार्म हाउस में कांग्रेस कमेटी की अहम बैठक, प्रशांत बैरवा करेंगे नेतृत्व

## शहर कांग्रेस की नई कार्यकारिणी की होगी घोषणा, पंचायत व निकाय चुनाव पर बनेगी रणनीति

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** कांग्रेस की ब्लॉक एवं शहर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार दोपहर 1 बजे टोंक-जयपुर रोड स्थित पटेल फार्म हाउस पर आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा करेंगे। कांग्रेस नेता तनवीर कुरेशी ने बताया कि इस बैठक में आगामी पंचायत राज व निकाय चुनाव को लेकर संगठनात्मक तैयारियों और अहम रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। बैठक के दौरान नवनियुक्त शहर अध्यक्ष एडवोकेट सतीश शर्मा शहर कांग्रेस की नई कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे। इसके बाद पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा सभी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाएंगे। बैठक में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, जन प्रतिनिधि और संगठन के विभिन्न पदाधिकारी शामिल होंगे। माना जा रहा है कि यह बैठक आगामी चुनावों से पहले संगठन को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगी।

## 'हरियालो राजस्थान' अभियान की समीक्षा बैठक

# पौधारोपण हेतु जनभागीदारी बढ़ाएं : शुभम चौधरी

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हरियालो राजस्थान पौधारोपण अभियान की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने अभियान के तहत जिले में लक्ष्य अनुसार पौधारोपण की माकूल तैयारियों के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शीघ्र ही विभागवार पौधारोपण स्थलों का चयन कर गड्ढे करने का कार्य पूर्ण करें तथा नर्सरियों में सम्पर्क कर लक्ष्यनुसार पौधों करवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने पौधों की उपलब्धता हेतु नर्सरियों में पर्याप्त पौधों की अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारी को दिए। कलक्टर ने अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह को निर्देश दिए कि सभी चिन्हित स्थलों पर पौधों की सुरक्षा हेतु तारबंदी एवं संरक्षण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पंचायती राज, मनरेगा, राजीविका, शिक्षा, चिकित्सा सहित सभी विभागों एवं संस्थाओं को निर्देशित किया कि वे अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और ग्राम स्तर तक इस कार्य को गतिशील बनाएं। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत लक्ष्यानुसार अधिकतम पौधारोपण सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाने और जियो ट्री पोर्टल पर नियमित अद्यतन करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि हाईवे, ग्राम की मुख्य सड़कों, मेडबंदी, तालाबों व सार्वजनिक स्थलों के आसपास पौधारोपण सुनिश्चित कर जिले को हरित प्रदेश में अग्रणी बनाएं।

### वन विभाग ने 15 लाख से अधिक पौधे किए तैयार

उप वन संरक्षक सुनील कुमार ने बताया कि वन विभाग द्वारा जिले के 10 नर्सरियों में 15.38 लाख छायादार, फलदार सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे तैयार किए गए जिसमें आलनपुर में 3.44 लाख, चौथ का बरवाड़ा में 0.60 लाख, भगवतगढ़ में 0.20 लाख, बौंली रेंज की मलारना डूंगर 1.79 लाख, कुशलपुरा में 0.75 लाख, गुप्तेश्वर में 2 लाख, गंगापुर सिटी रेंज के अमरगढ़ में 1 लाख, सिंथोली में 0.95 लाख, गंगापुर सिटी में 3.6 लाख एवं टटवाड़ा में 1.05 लाख पौधे तैयार किए गए है। बैठक में पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, सीएमएचओं डॉ. अनिल कुमार जैमिनी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस आज

## जिला स्तरीय समारोह राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्राहलय में होगा

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय 11वां अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग थीम पर सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक के मुख्य आतिथ्य में 21 जून को प्रातः 6:30 बजे से 8 बजे तक रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्राहलय में आयोजित किया जाएगा। योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उदबोधन का लाइव प्रसारण एलईडी के माध्यम से 21 जून को प्रातः 6:30 बजे किया जायेगा। सामूहिक योगाभ्यास 7 बजे से प्रारम्भ होगा। आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक और नोडल अधिकारी डॉ. हनुमान प्रसाद शर्मा ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सम्पूर्ण जिले में योगा प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास करवाया जाएगा। जिले में धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर भी योग कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिले की समस्त ग्राम पंचायतों के साथ सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर योग दिवस कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने आमजन से अपील की है कि अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये योग दिवस पर अधिकाधिक संख्या में अपने नजदीक के कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर योगाभ्यास करें।

# सरकारी योजनाओं से हर पात्र को लाभान्वित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी : अमित कुमार

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** उपखण्ड अघिकारी कार्यालय में शुक्रवार को एसडीएम अमित कुमार चौधरी की अध्यक्षता में बैंक अधिकारियो की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मौजुद बैंक अधिकारियो को सम्बोधित करते हुए एसडीएम चौधरी ने कहा कि सरकार ने समाज के सभी वर्गो व उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाऐं लागू कर समाज के प्रत्येक वर्गो का विकास करने की मंशा रखती है। जिसके लिए सरकार कई बार योजनाऐं लागू कर बैंक जैसी वित्तीय संस्थानो को भी जिम्मेदारी सौंपती है। ऐसे में सभी बैंक अधिकारियो की जिम्मेदारी है कि सरकार की मंशानुसार व सरकार द्वारा योजनाऐं लागू करने के लिए सौंपी गई जिम्मेदारियो को ईमानदारी से पूर्ण करें। इस मौके पर एसडीएम चौधरी ने कहा कि सरकारे केवल योजनाऐं लागू कर सकती है। योजनाओं से हर पात्र को लाभान्वित करवाने की जिम्मेदारी प्रशासन , बैंक जैसे वित्तीय संस्थानो की है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र को ईमानदारी से मिल जाता है तो सरकारो का योजनाऐं लागू करने का उद्धेश्य पूर्ण हो जाता है। एसडीएम चौधरी ने कहा है कि बैंक जैसे वित्तीय संस्थान सरकार के निर्देशानुसार योजनाओं के हर आने वाले पात्र को योजना का लाभ दिलाने की नैतिक जिम्मेदारी ईमानदारी से पूर्ण करें। साथ ही एसडीएम चौधरी ने यह भी कहा कि बैंक में आने वाले ग्राहक को संतुष्टिपूर्ण जवाब देकर व संतोषप्रद तरीके से समझा कर संतुष्ट करने का प्रयास करे जिससे बैंक ग्राहक बाहर जाकर भी बैंक प्रशंसा कर बैंक के कारोबार को बढ़ाने में सहयोगी बने। बैठक में सभी बैंक अधिकारी व बैंको के शाखा प्रबन्धक मौजुद रहे।

## वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का समापन

# प्रकृति हमारे जीवन का मूल आधार-सरोज बंसल

बढ़ता राजस्थान




**टोंक, ( का.स. )।** जल संरचाओं की सफाई, जल उपयोग की मितव्यता, वर्षा जल संग्रहण, भू एवं सतही जल स्तर की बचत, पौधारोपण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा गत 5 से 20 जून तक चलाए गए वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान का शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में समापन हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा 5 जून को शुरू किए गए इस अभियान में जल संरचाओं की साफ-सफाई, पौधारोपण को लेकर बेहतर कार्य किए गए है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य दैनिक जीवन में जल बचत को अपनाना है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के लिए यह अभियान बहुत ही महत्वपूर्ण है और इसकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। जिला प्रमुख ने कहा कि प्रकृति हमारे जीवन का मूल आधार है। हमारी सांसों से लेकर हमारे भोजन, पानी, ऊर्जा और स्वास्थ्य तक, सब प्रकृति से ही प्राप्त होता है। यदि प्रकृति नहीं है तो जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के जिला संयोजक सतीश चंदेल ने कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है। मनुष्य जीवन के लिए जल बेहद जरूरी है। जल के बिना जीवन संभव नहीं है। इसलिए हमारा यह दायित्व है कि जल की एक-एक बूंद की महत्ता को समझे। हम सौभाग्यशाली है कि टोंक जिला पानी की दृष्टि से समृद्ध है। यहां बीसलपुर बांध तीन जिलों के लोगों की प्यास बुझा रहा है और इसी वर्ष से ईसरदा बांध से भी दौसा एवं सवाई माधोपुर जिले की ग्रामीण एवं शहरी आबादी को पीने का पानी मिल सकेगा। समापन कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य लवेश मीणा, रमेश गढ़वाल, संजय संघी, अंजली गुप्ता, नीलिमा आमेरा, एसीईओ ललित कुमार, जल ग्रहण एवं भू संरक्षण विभाग के अधीक्षण अभियंता ओमप्रकाश देवनानी, महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक सरोज मीणा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटू लाल बैरवा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेंद्र सिंह सोलंकी समेत अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज : जिले में एक लाख से अधिक लोग करेंगे योगाभ्यास

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, 2025 आज मनाया जा रहा है। एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर आयोजित होने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत टोंक जिले में एक लाख से अधिक लोग योगाभ्यास करेंगे।

जिला प्रभारी सचिव महावीर प्रसाद मीना ने जिला प्रशासन द्वारा योग दिवस पर की गई तैयारियां को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक ली तथा अधिकारियों को सुव्यवस्थित आयोजन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान, एडीएम रामरतन सौंकरिया और सीईओ परशुराम धानका समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।


**मिनट टू मिनट कार्यक्रम :** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के तहत सुबह 6:15 बजे अतिथियों का आगमन, 6:20 पर स्वागत एवं दीप प्रज्वलन, 6:30 बजे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का लाइव संदेश प्रसारण होगा। इसके पश्चात सुबह 7 बजे सामूहिक योगाभ्यास, 7:45 बजे संकल्प दिलाना एवं 7:50 बजे योग दिवस का समापन किया जाएगा।

**धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों पर होगा आयोजन :** राज्य सरकार के निर्देशानुसार इस बार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिले के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों पर किया जाएगा। इसके तहत तहसील टोंक में डॉ. बी.आर. अंबेडकर खेल स्टेडियम के इंडोर हॉल में, देवली तहसील में बीसलपुर बांध पर, मालपुरा उपखंड की डिग्गी तहसील में विजय सागर की पाल,



नगर फोर्ट तहसील में मांडकलां, उनियारा तहसील के हाथी भाटा पर योगाभ्यास किया जाएगा। साथ ही, जिले के सभी प्रमुख कस्बों एवं ग्राम पंचायतों में भी बड़ी संख्या में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित होंगे।

**जिला कलेक्टर ने की अपील :** जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अधिक से अधिक संख्या में अपने आसपास आयोजित होने वाले




योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हो और इसे अपनी नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि योग हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ्य एवं मजबूत बनाता है।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग ध्यान दे! वरना होगा उग्र आंदोलन : दायमा

## बास नरबद से कोठिया तक 5 किमी सड़क कचरे और किचड़ से जर्जर होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर के गाँव बास नरबद से कोठीयां तक करीब 5किमी सड़क कचरे और कीचड़ से अटी पड़ी है।वैसे भी पहले ही रास्ता बंद वहीं पहली वर्षान्त में ही लोगों का निकलना और चलना दुभर कर दिया।प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थी और पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों सहित मरीजों की चिकित्सा और सरकारी कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

युवा नेता राकेश दायमा के नेतृत्व में ग्रामीणों सामूहिक विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन के प्रति रोष व्यक्त किया है। वहीं युवा नेता राकेश दायमा ने बताया कि यदि सड़क का निर्माण शीघ्र नहीं किया गया तो हमें आन्दोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।उन्होंने बताया कि बास नरबद से पट्या की ढाणी होते हुए कोठिया तक जाने वाला करीब 5 किमी लम्बा मुख्य सड़क मार्ग आजकल बदहाल स्थिति में है। पूरी सड़क पर कचरे और गंदगी के ढेर व पानी भरा होने से कीचड़ का आलम पसरा हुआ है। जिससे आमजन को आवागमन में काफ़ी बाधित हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बारिश की शुरूआत होने से पहले ही यह रास्ता इस कदर खराब हो गया है कि अब पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग न सिर्फ आस-पास की ढाणियों और बस्तियों को जोड़ता है, बल्कि यही रास्ता नारायणपुर और बानसूर स्थित उपखण्ड कार्यालय, बिजली विभाग कार्यालय और सरकारी अस्पताल तक जाने का मुख्य मार्ग भी है। रास्ता बंद होने से क्षेत्र के लोगों को बिजली, पानी, चिकित्सा व शासकीय कार्यों में भारी परेशानी हो रही । आवागमन की समस्या से त्रस्त होकर ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र होकर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई है। ग्रामीणों ने कहा कि बार-बार शिकायतों के बावजूद अब तक न तो कोई सफाई हुई और न ही सड़क की मरम्मत। स्थानीय ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, पंचायत समिति और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द इस सड़क की सफाई, मरम्मत कर स्थायी समाधान निकाले! जिससे कि आने वाले बरसात के मौसम में गंभीर समस्या का सामना नहीं करना पडें । लोगों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क निर्माण की कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।इस मौके पर जीवनराम सैनी , लालाराम प्रजापत, रामनिवास सैनी , कालूराम प्रजापत, राजू धोबी , भग्गा राम गुर्जर, लालाराम हथवाल, ओमप्रकाश धोबी, रामकरण सैनी , महेंद्र सैनी , रघुवीर शेखावत, सुभाष प्रजापत, पूरण सिंह, रामधन सैनी , राकेश सैन, राहुल प्रजापत, दीपक सैन , दिनेश गुर्जर, सुरेश मीणा,सहित काफ़ी संख्या में महिला और बच्चे मौजूद रहे।



# चातुर्मास पूरी आस्था व निष्ठा के साथ सम्पन्न किए जाने के लिए पूरी टीम तैयार : पवन जैन (चौधरी)

## उपाध्याय श्री के चातुर्मास के लिए पवन जैन (चौधरी) को बनाया मुख्य संयोजक

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन पंचायती मंदिर मुन्शी बाजार, अलवर की कार्यकारिणी सभा में आचार्य 108 श्री वसुनंदी जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य उपाध्याय 108 श्री विज्ञानंद जी महाराज ससंघ के चातुर्मास समिति का 'संयोजक पवन जैन (चौधरी) को बनाया गया साथ में सह. संयोजक सतीश जैन (दीवान) एवं श्री संजय जैन (बरवाड़ा) को बनाया गया। मुनि श्री के चातुर्मास करवाने हेतु आज हुई कार्यकारिणी की बैठक में चातुर्मास को भव्य बनाए जाने हेतु चर्चा की गई जिसमें चातुर्मास संयोजक पवन चौधरी ने बताया की संतों के आर्शिवाद का प्रभाव है कि इस बार बडे उगास के साथ ये धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। उपाध्याय श्री का बिहार तिजारा से अलवर हेतु बड़े ही हर्षोल्लास से हो रहा है जिसमे 100 से 150 व्यक्ती विहार में शामिल हो रहे हैं, उपाध्याय श्री ससंघ दिनांक 19-20 जून को शालीमार जैन मंदिर, 21-22 जून को शिवाजी पार्क जैन मंदिर में प्रवास रहेगा जहां प्रात: 8:30 से 9:30 तक प्रवचन होंगे एवं दो बजे से चार बजे तक शास्त्र वाचन साय 6 से 7:15 धर्म चर्चा एवं रात्री 8:30 से 9:30 तक व्यावर्ति का समय रहेगा,आगे के कार्य क्रम उपाध्याय श्री द्वारा समय पर बताये जाएंगे। मंत्री रवीन्द्र जैन ने बताया की णमोकार मंत्र उपासक उपाध्याय विज्ञानंद जी महाराज द्वारा चार महीने तक ज्ञान की गंगा बहाई जाएगी जिसका लाभ समस्त समाज को मिलेगा जिससे नई पीढ़ी के बचचों को भी धर्म प्रभावना का लाभ मिलेगा। कार्यकारिणी की सभा में कोषाध्यक्ष राजेश जैन,वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन, सतीश जैन बेंक वाले के अलावा दीवान सतीश जैन, विजय जैन जनरेटर वाले, मुकेश जैन,सुरेश सिस्टम, अजीत जैन, हिमांशु जैन,लव जैन, हरिश्चंद्र जैन आदि सदस्य मौजूद थे।

# तीन दिवसीय उत्कर्ष शिविर का हुआ शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** उपजोन अलवर के गायत्री परिवार ट्रस्ट करौली कुण्ड अलवर के युवा प्रकोष्ठ द्वारा 3 दिवसीय उत्कर्ष शिविर किशोर उम्र के 12 से 17 वर्ष तक के विद्यार्थियों का शुभारंभ सुबह दीप प्रज्जवलन से हुआ। उपजोंन समन्वयक दिनेश गुप्ता, मुख्य ट्रस्टी डॉ.सरोज गुप्ता, ज्ञानेन्द्र शर्मा, जगदीश प्रसाद गुप्ता, राधारमण विजयवर्गीय,ममता गुप्ता ने दीप प्रगवलन किया। शिविर में सर्वांगीण स्वास्थ्य, योगासन, सफ्लता के सूत्र, भारतीय संस्कृति,पंचशील, सपने कैसे बने विषयों पर दिनेश गुप्ता,डॉ सरोज , विजय गुप्ता डॉ तरूणी, निरंजन सैनी ,सूर्यप्रकाश शर्मा ने प्रेरणास्पद संदेश दिया। शिविर के पहले सत्र में बच्चों के साथ मिमिक्री, चुटकले, हंसी -ठिठोली कमलकांत यादव श्रीमती रजनी शर्मा की टीम ने किया, अभयदीप नरूका ,ममता गुप्ता की टीम ने महापुरूषों के नाम पर समूह गठन किया। स्व%छता और स्वास्थ्य पर श्री सूर्य प्रकाश शर्मा ने वक्तव्य दिया। अशोक तिवारी जी पी टी आइ ने खेलकूद करवाया। युवा प्रकोष्ठ के संयोजक जितेंद्र यादव ने उत्कर्ष शिविर का परिचय दिया। आज अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी बालक और गायत्री परिवार के सदस्य मूसी महारानी की छतरी पर भाग लेंगे। इसी दौरान बालकों को जल संरक्षण पर राजदीप शर्मा जी उद्बोधन देंगे। इसके बाद संग्रहालय का भ्रमण करवाया जाएगा।

## वंदे गंगा अभियान के तहत कराए गए जल संरक्षण के कार्यों को सराहा

# जिला कलक्टर ने किया जल संचयन एवं संरक्षण से संबंधित विकास कार्यों का निरीक्षण

## जल संरक्षण संरचनाओं के पास अधिकाधिक पौधारोपण कराने व सेल्फी पॉइंट बनाने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने शुक्रवार को पंचायत समिति मालाखेडा की ग्राम पंचायत माधोगढ का दौरा कर वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जल ग्रहण व संरक्षण कार्यों तथा पारम्परिक जल स्त्रोत बावडी रिनोवेशन कार्य का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान नलदेश्वर मंदिर के पास एवं ग्राम इंदौक में बावडियों के मरम्मत, साफ-सफाई एवं पेंटिंग के कार्यों की सराहना की। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि नलदेश्वर के पास स्थित बावडी में पौधारोपण कराने, पार्क विकसित करने, सेल्फी पॉइंट बनाने एवं नल के पास सोख्ता गड्डा निर्माण करावे। उन्होंने ग्राम इंदौक में आंगनबाडी केंद्र पास स्थित बावडी का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि पानी टंकी के पास सोख्ता गड्डा का निर्माण करावे ताकि बूंद-बूंद पानी का संचय हो सके। साथ ही रामतलाई इंदौक में मनरेगा योजनान्तर्गत संचालित जोहड खुदाई एवं रिचार्ज शाफ्ट निर्माण कार्य का निरीक्षण कर जोहड की खुदाई से निकली मिट्टी से पाल की चौडाई बढाने एवं क्षतिग्रस्त कार्यस्थल बोर्ड को पुन: तैयार कराने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने इंदौक में ही पीएमकेएसवाई योजना के तहत प्रगतिरत तालाब रिनोवशन एवं वेस्टवीयर कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान अधिशाषी अभियन्ता मनरेगा श्री नरेन्द्र कुमार लाखीवाल, विकास अधिकारी मालाखेडा श्रीमती राजबाला मीणा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



# एक पृथ्वी, स्वस्थ संसार संत निरंकारी मिशन द्वारा अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस पर देशव्यापी आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** संत निरंकारी मिशन द्वारा अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार, 21 जून 2025 को प्रात: 6 बजे भारतवर्ष के 1000 से अधिक स्थानों पर एक साथ योग दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा। मिशन की विभिन्न शाखाओं में यह आयोजन स्थानीय योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खुले मैदानों एवं पार्कों में किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु, सेवादल स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। इसी क्रम में अलवर के कंपनी बाग में यह कार्यक्रम प्रात: 6 बजे से जिला संयोजक सोमनाथ निरंकारी की अध्यक्षता में विशेष योग प्रशिक्षकों द्वारा संपन्न होगा जिसमें अलवर जिले के श्रद्धालु भक्तजन भाग लेंगे। कार्यक्रम की व्यवस्था सेवादल संचालक शिलीराम जी के मार्गदर्शन में उनके सहयोगियों द्वारा की जाएगी। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस का विषय . ष्एक पृथ्वीए एक स्वास्थ्य के लिए योग है जो सम्पूर्ण मानवता को यह संदेश देता है कि व्यक्ति का वास्तविक स्वास्थ्य तभी पूर्ण माना जाता है जब वह शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक रूप से संतुलित और जागरूक हो।

इसी उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए संत निरंकारी मिशन अपने आध्यात्मिक और सामाजिक प्रयासों के अंतर्गत योग को समग्र कल्याण का माध्यम मानते हुए निरंतर प्रयासरत है। संत निरंकारी मण्डल के सचिव आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा जी ने जानकारी दी कि वर्ष 2015 से ही संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा योग दिवस का नियमित रूप से देशव्यापी आयोजन किया जा रहा है। यह पहल सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से निरंतर विस्तारित हो रही है।

# राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील की बैठक हुई आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को बीकानेर में प्रदेशाध्यक्ष भैराराम मांजू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें प्रांतीय कार्यकारिणी के पदाधिकारीयों, विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला मंत्रीयो सहित अनेक सदस्यो ने भाग लिया। प्रांतीय कार्यकारिणी की बीकानेर में आयोजित इस दूसरी बैठक में अलवर जिले से मुख्य महामंत्री हरिकिशन यादव, महामंत्री मुख्यालय प्रमोद गुप्ता, जिला अध्यक्ष अजय विजय और घनश्याम गुप्ता शामिल हुए। प्रांतीय कार्यकारिणी कि बैठक में स्कूलों और शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं यथा विद्यालयो में नामांकन अभिवृद्धि, आधारभूत सुविधाओ, शिक्षा नवाचार, शिक्षक स्थानांतरण, नियमित डीपीसी, वेतन विसंगति, शैक्षिक गुणवत्ता,गैर शैक्षणिक कार्य आदि अनेक समस्याओं पर सार्थक चर्चा की गई। बीकानेर संभाग में कार्यकारी अध्यक्ष राममूर्ति स्वामी के नेतृत्व में निकल गई शैक्षिक गुणवत्ता चेतना यात्रा को आमजन में मिले समर्थन की सराहना की गई और उसके बीकानेर पहुंचने पर प्रांतीय कार्यकारिणी द्वारा उसका स्वागत कर शिक्षा निदेशालय में राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव और शिक्षा सचिव के नाम शिक्षा निदेशक को अपने 15 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

# अलवर ई-विद्या प्रोजेक्ट अंतर्गत दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए आईसीटी प्रशिक्षण

## प्रोजेक्ट पहचान के तहत डिजिटल सशक्तिकरण की ओर प्रेरक पहल

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** अलवर ई-विद्या प्रोजेक्ट अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा संचालित आत्मनिर्भर दिव्यांग अभियान प्रोजेक्ट पहचान के तहत शुक्रवार को राजकीय प्रताप उच्च माध्यमिक विद्यालय, अलवर में एक दिवसीय आईसीटी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस विशेष प्रशिक्षण में जिले के पाँच ब्लॉकों – उमरैण, मालाखेड़ा, गोविंदगढ़, रामगढ़ और थानागाजी – से आए 27 दृष्टिबाधित बालक-बालिकाओं ने सहभागिता की। यह प्रशिक्षण राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर से एमओयू प्राप्त साइटसेवर्स इंडिया एनजीओ के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसने पूर्व में चयनित विद्यार्थियों को लैपटॉप, मोबाइल एवं डेज़ी प्लेयर जैसे डिजिटल सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए हैं। इन उपकरणों में विशेष सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन शैक्षणिक प्लेटफॉर्म से सहजता से जोड़ने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को Screen Reader Software (NVDA) के माध्यम से ई-बुक्स की पहुँच, इंटरनेट ब्राउज़िंग तथा हिंदी-अंग्रेजी टाइपिंग का अभ्यास कराया गया। साथ ही, मिशन ज्ञान और ई-पाठशाला जैसे शैक्षणिक ऐप्स की मदद से अपनी कक्षाओं से जुड़ने की प्रक्रिया समझाई गई। डेज़ी प्लेयर का उपयोग कर रहे विद्यार्थियों को पीडीएफ फॉर्मेट में पाठ्यक्रम व्यवस्थित करने और ऑडियो फॉर्मेट में सामग्री सुनने का अभ्यास भी दिया गया। इससे दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए अध्ययन और जीवन दोनों अधिक सरल एवं सुगम बन सकेगा। कार्यक्रम में समग्र शिक्षा एडीपीसी मनोज कुमार शर्मा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक लक्ष्मण, जिला समन्वयक विशेष शिक्षा नीरज यादव, मॉडल संदर्भ कक्ष प्रभारी मनोज राणा, साइटसेवर्स इंडिया के प्रतिनिधि एवं अभिभावक उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट अलवर ई-विद्या के तहत दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को डिजिटल सशक्तिकरण की मुख्यधारा में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी कदम सिद्ध हुआ है।




# राजगढ़ में उपखण्ड अधिकारी लगाने व नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज हटाए सहित विभिन्न मांग को लेकर विधायक ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ विधायक मांगेलाल मीणा ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर राजगढ़ उपखण्ड अधिकारी के पद पर स्थायी अधिकारी को लगाने, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज हटाने एवं राजगढ़ कस्बे के बंद पड़े बस स्टैण्ड इकाई को पुन सुचारु करने की मांग की है। वही विधायक मांगेलाल मीणा ने लक्ष्मणगढ़ मे नगरपालिका अधिशाषी लगाए जाने की मांग की है। विधायक मांगेलाल मीना ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राजगढ़ नगरपालिका में भ्रष्टाचार फैला हुआ है। कस्बे में नालों की सफाई नहीं हो रही है। अधिकारी व पालिका पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। उन्होंने कहा कि राजगढ़ में उपखंड अधिकारी का पद कुछ माह से रिक्त चल रहा है जिसका अतरिक्त चार्ज रैणी उपखण्ड अधिकारी के पास है। वही नगरपालिका राजगढ़ के अधिशाषी अधिकारी जगदीश खीचड़ के पास रामगढ, लक्ष्मणगड़ सहित अन्य नगरपालिका का अतिरिक्त चार्ज है। जिसके चलते आमजन को अधिकारीयों के नहीं मिलने सहित कामकाज मे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने राजगढ़ नगरपालिका क्षेत्र को नगर परिषद में क्रमौन्नत करने की मांग विधानसभा में उठाई थी। वहीं क्षेत्रीय विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिख राजगढ़ में उपखंड अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी तथा राजगढ़ कस्बे के बंद पड़े बस स्टैंड को पुन: संचालन करने की मांग की है।

# संगीत दिवस पर मन का संगीत सुने : राजा कुमारी

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** राजा कुमारी अलवर की उभरती गायिका हैं, संगीत दिवस की शुभकामनाओं के साथ पाठकों को बताना चाह रही हैं कि संगीत जीवन को मधुर बनाता है,संगीत के बिना जीवन नीरस है। इन्हें बचपन से ही संगीत का शौक रहा है , लगाव हमेशा से ही संगीत में रहा है। जनता के प्यार आशीर्वाद से बहुत पुरस्कार जीते हैं बहुत इंटरव्यू भी हुए हैं इनके। संगीत के पहले गुरु इनके पिता श्री हरि सिंह जी है और श्री चिन्मय पाराशर जी से कॉलेज की शिक्षा ली। ये इण्डियन आइडल में भी शामिल होकर आई हैं, इनके खुद के गाने भी रिलीज़ किए है जैसे रब्बा,ढोलना, राखी का प्यार, संगीत दिवस पर सभी सुधि पाठकों को यही बोलना चाहती हूं ज़्यादा से ज्यादा संगीत सुने और सीखे, संगीत से हमारा शरीर स्वस्थ बना रहता दिमाग का संतुलन बना रहता है संगीत सुनने से और संगीत सिखने से सारी बीमारियां खत्म होती है और स्वर से परमेश्वर तक रुझान होता है। आप सभी के आशीर्वाद से में संगीत क्षेत्र में नाम रौशन कर चुकी हूं।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सत्र का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मंडल बानसूर ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बालावास रोड, बगीची के प्रांगण में एक योग सत्र का आयोजन किया। मंडल अध्यक्ष श्री राकेश सिंघल की अध्यक्षता और योगाचार्य मंजू लता यादव के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी एवं सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। श्रीमती यादव ने ताड़ासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम जैसे आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया, साथ ही योग के शारीरिक-मानसिक लाभों पर प्रकाश डाला। श्री सिंघल ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए योग को दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में युवा मोर्चा, महिला मोर्चा सहित सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। यह आयोजन स्वस्थ भारत के संकल्प को मजबूत करने वाला रहा।



# एकलव्य मॉडल स्कूल के 6 छात्रों का दक्षणा कोचिंग में हुआ चयन

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** पंचायत समिति के मल्लाना गांव में स्थित एकलव्य मॉडल रेजिडेन्शियल स्कूल के कक्षा 11 के छात्र लवकुश मीना, पंकज कुमार मीना, सुनील कुमार मीना एवं अनुराग मीना का ईएमआरएस दक्षणा चयन परीक्षा उत्तीर्ण करने पर दक्षणा संस्थान द्वारा नि:शुल्क इंजीनियरिंग कोचिंग हेतु चयन किया गया है। इन छात्रों को उत्कृष्टता केंद्र, भोपाल में अध्ययन करने का मौका मिलेंगा। इससे पहले विद्यालय के ही दो छात्र दिलकुश मीना व नीरज मीना का भी इंजीनियरिंग व मेडिकल कोचिंग के लिए उत्कृष्टता केंद्र, चंकापुर, महाराष्ट्र हेतु चयन किया जा चुका है। विद्यालय से कुल 6 छात्रों का चयन हुआ है। विद्यालय प्राचार्य जगदीश प्रसाद बैरवा ने बताया की ये सभी छात्र शुरू से मेहनती अनुशासित व आज्ञाकारी रहे हैं। विद्यार्थियों के दक्षणा कोचिंग हेतु चयन होने पर समस्त विद्यालय स्टॉफ में खुशी का माहौल है। व विद्यालय जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के स्वायत्त संस्थान राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, नई दिल्ली के द्वारा संचालित है। विद्यालय में विद्यार्थियों को शिक्षा, खान-पान, आवास आदि सुविधाएं सरकार द्वारा नि:शुल्क प्रदान की जाती है।

# ऊर्जा मंत्री ने 8.96 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया शिलान्यास

## 33/11 केवी जीएसएस और उच्च जलाशय निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शुक्रवार को सांगोद में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के पास 33/11 केवी जीएसएस के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। वहीं पंचायत समिति सांगोद के पास बपावर रोड पर शहरी जल योजना के तहत उच्च जलाशय निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। साथ ही, काशीपुरी मांगलिक धर्मशाला में शिलापट्ट का शिलान्यास और लक्ष्मीपुरा स्थित तालाब पर 101 पौधे रोपने के कार्य का शुभारंभ किया। ऊर्जा मंत्री ने काशीपुरी मांगलिक धर्मशाला में आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सांगोद को सड़क, पानी, बिजली से लेकर हर आधारभूत आवश्यकता हमारी प्राथमिकता में है। गांव गांव में सड़कों का जाल बिछ रहा है, तालाबों का सौंदर्यीकरण हो रहा है, इसके लिए राशि की कोई कमी नहीं है। सांगोद की जनता को निर्बाध और पूरे वोल्टेज से बिजली मिले, इसके लिए सांगोद में एक और जीएसएस बनाया जा रहा है। सांगोद की जनता को पीने के

### जनसुनवाई में सुने आमजन के परिवाद



पानी की पर्याप्त आपूर्ति हो, पूरे प्रेशर से नलों में पानी आए, इसके लिए उच्च जलाशय के निर्माण कार्य का भूमि पूजन भी कर दिया है। पानी स्वच्छ हो, शुद्ध हो, पीने के योग्य हो, इसके लिए फिल्टर प्लांट की क्षमता बढ़ाएंगे। जिसके लिए भी 8 करोड़ रुपए की मंजूरी ले ली गई है। उन्होंने कहा कि सांगोद में दोनों मुख्य रास्तों को डिवाइडर रोड़ बनाने के लिए 12 करोड़ रूपए स्वीकृत हो गए हैं। नालों का गंदा पानी नदी में जाने से रोकने के लिए सीवरेज के लिए भी 20 करोड़ रुपए की राशि मंजूर हो गई है। उन्होंने कहा कि सांगोद क्षेत्र के लोगों के खेतों को पानी भी पहुंचाएंगे और खेतों के लिए रास्ता भी दिलवाएंगे, ये भी हमारा संकल्प है। खेतों के रास्ते के लिए मुख्यमंत्री ने 25 करोड़ रुपए सर्वाधिक सांगोद के लिए स्वीकृत किए हैं। श्री नागर ने कहा कि गांव-गांव में वंचित लोगों की सूची बनाएं, इन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ें।

इस अवसर पर जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, प्रधान जयवीर सिंह, उप प्रधान ओम नागर अडूसा, भाजपा सांगोद देहात मंडल अध्यक्ष कृष्ण मुरारी मेहता, सांगोद नगर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सोनी, जिला उपाध्यक्ष दिलीप गर्ग, क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष ओम मेहता उपस्थित रहे।

### 5.22 करोड रुपए की लागत से बनेगी टंकी

अमृत 2.0 के अंतर्गत शहरी जल योजना सांगोद में पेयजल के लिए 5.22 करोड रुपए की लागत से 300 किलो लीटर के अतिरिक्त उच्च जलाशय का निर्माण कराया जाएगा। जिसमें पंप हाउस बनेगा। वहीं राइजिंग मेन पाइपलाइन डाली जाएगी। इसके अलावा पेयजल विहीन कॉलोनी में वितरण लाइन भी बिछेगी। साथ ही, 24 हजार मीटर जीर्ण शीर्ण पाइपलाइन भी बदली जाएगी। इस जलाशय के बनने से सांगोद नगर की सेन कॉलोनी, बपावर रोड, नसिया जी बाईपास, राधाकृष्ण कॉलोनी, सांगोद पंप हाउस से एसबीआई बैंक बाईपास, खटीक मोहल्ला, पुराना बाजार, कौड़ियों का चौक, रिवर फ्रंट बाईपास के बाशिंदों को लाभ होगा।

# बिगड़ी बिजली व्यवस्था में सुधार के लिये कांग्रेस ने किया धरना प्रदर्शन, ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी ( नि.स. )।** रामगंजमंडी शहर में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बिगड़ी बिजली व्यवस्था में सुधार के लिये धरना प्रदर्शन करके ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन सोपा। बरसात के बीच भी बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अम्बेडकर चौराहे पर धरना देकर प्रदर्शन किया। रामगंजमंडी शहर में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बिगड़ी बिजली व्यवस्था में सुधार के लिये धरना प्रदर्शन करके ऊर्जा मंत्री के नाम ज्ञापन सोपा। बरसात के प्रदर्शन के दौरान एक दर्जन से अधिक वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। इसके बाद धरना स्थल से रैली के रूप में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के अधिकारी को ज्ञापन सौपकर विधुत व्यवस्थाओं में सुधार करने की मांग की। शुक्रवार सुबह 10 बजे से अम्बेडकर चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जुटना शुरू हुआ। धरने में शामिल कार्यकर्ताओ वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुये कहा कि वर्तमान केबिनेट मंत्री मदन दिलावर जब विधायक थे और उस समय कांग्रेस की सरकार थी उस समय बिजली की कोई समस्या नही थी। इसलिये केबिनेट मंत्री के पद से दिलावर इस्तीफा दे और विधायक ही रहे तो समस्या का समाधान हो सकता है। सरकार में कोई काम नही हो रहे है मंत्री बेबाक तरीके गलत बयानबाजी कर रहे है जनता परेशान है। सरकार में अधिकारियों का हनन किया जा रहा है। जब कांग्रेस ने बिजली की समस्या के लिये धरने प्रदर्शन करने की घोषणा की तो आनन फानन में भाजपा ने विधुत विभाग की मीटिंग बुलाई।

मीटिंग में भाजपा से जुड़े नेताओ ने अधिकारियों के समक्ष समस्याओं का अंबार लगा दिया। तो अधिकारियों ने स्टाफ और वाहन नही होने का बहाना लगा दिया। भाजपाई कह रहे है कि सरकार पूरी बिजली दे रही है परन्तु अधिकारी लापरवाही कर रहे है। अगर ऐसा है तो नकारा अधिकारियों को हटा कर आमजनता को राहत दे। अगर आने वाले दिनों में अगर विधुत व्यवस्था नही सुधरी तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी जो अनिश्चित काल के लिये दिया जायेगा। वक्ताओं ने बताया कि क्षेत्र में बिजली की स्थिति यह है कि 24 घण्टे में 48 बार बिजली बंद होती है।

अगर सरकार बिजली सही नही दे सकती है तो इस क्षेत्र के सांसद का लोकसभा अध्यक्ष होना और विधायक का केबिनेट मंत्री होना कोई मायने नही रखता है। कार्यक्रम में रामगंजमंडी, चेचट, मोड़क, ढाबादेह, सुकेत, सातलखेड़ी, जुल्मी, खैराबाद, सहित ग्रामीणों क्षेत्रो के कांग्रेस कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि व नेता शामिल रहे। वही सभी मंडल अध्यक्षों, पूर्व पार्षद, ज़िला परिषद, जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ कांग्रेसियों ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित किया।

# हिंदू हृदय सम्राट भंवर सिंह पलाड़ा का जन्मदिवस प्रदेशभर में 24 जून को उल्लासपूर्वक मनाया जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर अखिल भारत हिंदू क्रांति सेना के कार्यकर्ताओं में उत्साह, जोश और राष्ट्रधर्म के प्रति नया संकल्प, इस दौरान जयपुर अखिल भारत हिंदू क्रांति सेना के राष्ट्रीय संरक्षक एवं हिंदू स्वाभिमान के प्रतीक, हिंदू हृदय सम्राट आदरणीय भंवर सिंह जी पलाड़ा के पावन जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 24 जून को सम्पूर्ण राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों में भी संगठन के कार्यकर्ता उत्साह, श्रद्धा एवं राष्ट्रनिष्ठ भावनाओं के साथ इस दिवस को भव्यता से मनाने जा रहे हैं। वही भंवर सिंह पलाड़ा उस विचारधारा का नाम हैं, जो हिंदू चेतना, गौरवशाली परंपराओं, धार्मिक पूजा पद्धति एवं शिव भक्त और गौ-संरक्षण की रक्षा हेतु अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर चुके हैं। उनका व्यक्तित्व संगठन के लिए प्रेरणा का स्तंभ और संघर्ष का पथप्रदर्शक है।

उनकी अगुवाई ने हजारों युवाओं में संघर्षशील चेतना और धर्म के प्रति अद्वितीय समर्पण का संचार किया है। इस अवसर को संगठन कार्यकर्ता केवल जन्मोत्सव के रूप में नहीं, बल्कि हिंदू जागरण संकल्प दिवस के रूप में मना रहे हैं। गांव-गांव, गली-गली में ध्वज यात्रा, हवन पूजन,



गौसेवा, रक्तदान शिविर, जनजागरण रैली जैसे कार्यक्रमों की योजनाएँ बनाई गई हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष आनन्द सोनी एवं राष्ट्रीय संयोजक चिराग चौधरी ने समस्त कार्यकर्ताओं से आव्हान किया है कि यह जन्मदिवस केवल बधाई का अवसर नहीं, बल्कि राष्ट्र व धर्म की पुकार है। आइए, हम सब मिलकर संगठन के मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाएं और हिंदू स्वाभिमान को पुनर्स्थापित करें।

# कृषि विज्ञान केन्द्र में खरीफ फसलों के लिए दो दिवसीय कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम 19 से 20 जून तक हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** कृषि विज्ञान केन्द्र में खरीफ फसलों के लिए दो दिवसीय कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम 19 से 20 जून तक आयोजित किया गया। जिसमें जिले के 25 प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष प्रो. हरीश वर्मा ने कृषक वैज्ञानिक संवाद के दौरान आये हुये कृषकों को खरीफ फसलों धान, सोयाबीन, उड़द एवं मक्का में लगने वाले कीटों एवं बीमारियों की जानकारी देने के साथ ही इनके प्रबन्धन, उपाय बताते हुए बुवाई से पूर्व बीजोपचार करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बीजों को फफूँदीनाशक, कीटनाशक एवं जीवाणु कल्चर के के क्रम मे उपचारित करें। परियोजना निदेशक आत्मा कौशल कुमार सोमाणी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए आत्मा योजनान्तर्गत जिले में कृषि एवं सम्बद्ध विभागों से जुड़े प्रगतिशील कृषकों को कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन एवं डेयरी, जैविक खेती एवं नवाचार कृषकों को सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए पुरस्कृत करने की जानकारी दी।

पशुपालन वैज्ञानिक डॉ. घनश्याम मीणा ने पशुओं में लगने वाले रोगों की जानकारी, आहार प्रबन्धन और पशुओं से अधिक दुग्ध उत्पादन के तरीके एवं प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत चर्चा की। उद्यान वैज्ञानिक इंदिरा यादव ने नर्सरी इकाई में होने वाले तैयार पौधों की जानकारी, फलदार बगीचे की स्थापना करने के साथ ही सब्जियों की उन्नत कृषि तकनीकियों एवं पोषण वाटिका प्रबन्धन के बारे में बताया। वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पखवाड़े के अन्तर्गत कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम करवाया गया। आत्मा परियोजना के कृषि अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान पखवाड़े के अन्तर्गत जल बचत सिंचाई संयंत्र एवं बरसात के पानी के समुचित संग्रह करने की सलाह दी। वरिष्ठ अनुसंधान अध्येता डॉ. दीपक कुमार ने बकरी एवं डेयरी यूनिट का भ्रमण कराते



हुए पशुओं में डी वार्मिंग (कीड़े मारने की दवाई पिलाना), टीकाकरण का समय तथा टीकाकरण की विधि की जानकारी दी। कृषक वैज्ञानिक संवाद कार्यक्रम में फार्म मेनेजर महेन्द्र चैधरी, विकास ताखर, लोकेश प्रजापत, चन्द्रप्रकाश श्रृंगी, विजेन्द्र कुमार वर्मा, दुर्गा सिंह सोलंकी एवं रामप्रसाद ने सहयोग प्रदान किया।

# अजमेर जिले के केकड़ी योग शिविर में नृत्य योग की दिव्य प्रस्तुति से वातावरण में छाया उल्लास

## 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर करेंगे सामूहिक योगाभ्यास

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के केकड़ी में भारत विकास परिषद शाखा केकड़ी व पतंजलि योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में नगर परिषद रंगमंच पर आयोजित नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन नृत्य योग की दिव्य प्रस्तुति ने वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। यह शिविर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लोगो मे योग के प्रति जनजागरूकता के लिए आयोजित किया गया, जिसमें नगर के सैकड़ों योग साधकों ने सहभागिता निभाई। शिविर में योग प्रशिक्षक जे.पी. सोनी ने साधकों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम व सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराया।

.सत्र के अंत में विशेष आकर्षण के रूप में योग नृत्य आयोजित किया गया, जिसमें राधे रानी के भजनों की भक्तिमय धुन पर महिला एवं पुरुष साधकों ने योग मुद्राओं के साथ नृत्य करते हुए आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। समूचा वातावरण आनंदमय एवं भावविभोर हो उठा। प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ उपखंड अधिकारी सुभाष चंद हेमानी, तहसीलदार श्रीमती बंटी राजपूत, भाजपा मंडल अध्यक्ष रितेश जैन, नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र चौधरी, तथा सहायक नगर नियोजक संजय सारस्वत द्वारा माँ सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। और भारत विकास परिषद की ओर से अतिथियों का पारंपरिक ओपरणा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शिविर में योगाभ्यास कराने वाले पतंजलि योग समिति के प्रभारी योग शिक्षक जे.पी. सोनी सहित भारत स्वाभिमान के संयोजक सत्यनारायण सोनी, महिला प्रभारी श्रीमती रक्षा विजय, सह प्रभारी श्रीमती रेखा विजय, सोहनलाल सिसोदिया तथा बाल योग साधिका शिवांशी सोनी को भी परिषद द्वारा सम्मानित किया गया।



# पत्नी ने पति पर खौलता तेल,पानी उड़ेला, पति गंभीर रूप से झुलसा

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के भवानीमंडी थाना क्षेत्र की रामनगर में मामूली विवाद में पत्नी ने पति पर खौलता तेल पानी डालकर उसे कमरे में बंद कर दिया, जिससे पति गंभीर रूप से झुलस गया। घायल पति मनीष राठौर पिता देवीलाल राठौर उम्र 38 वर्ष ने बताया कि रात्रि 2 बजे उनकी अपनी पत्नी सरोज राठौर उम्र 30 वर्ष से मामूली बात को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिस पर उनकी पत्नी ने उन पर खौलता तेल पानी डाल दिया और कमरे में बंद कर दिया, जिससे वह हाथ, पेट और पैर पर गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे सुबह परिजन चिकित्सालय लेकर पहुंचे जहां घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। एसआई धनराज गोचर ने बताया कि पत्नी द्वारा पति को खोलते तेल से झुलसाने की सूचना मिली थी, सूचना मिलते ही चिकित्सालय



पहुंचकर घायल को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय रेफर करवाया गया। फिलहाल पीड़ित की ओर से किसी प्रकार की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई गई है।

# आबकारी विभाग ने अवैध शराब पर की कार्यवाही, 3500 लीटर वॉश की नष्ट



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के गंगधार उपखंड क्षेत्र के रावतपुरा में छोटी काली सिंध नदी के किनारे पर आबकारी विभाग में अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 3500 लीटर अवैध वॉश नष्ट की । नरेश मालव अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन कोटा के निर्देश पर मुकेश कुमार प्रजापत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में गश्त करते हुये 06 धावें, 3500 लीटर वॉश व 03 चालू भट्टी नष्ट की गई, दो प्रकरण एस0आर0 प्रकृति के दर्ज किए गए जिनमें क्रमश: 52 लीटर व 52 लीटर कुल 104 लीटर हथकड नाजायज शराब बरामद की गई। इस कार्यवाही में प्रदीप मीना आबकारी निरीक्षक वृत चौमहला, बद्रीलाल वर्मा प्रहराधिकारी आबकारी निरोधक दल चौमहला मय ईपीएफ जाप्ता चौमहला उपस्थित रहा।

# कपासन निवासी गौरव दाधीच को चितौड़गढ़ जिलाध्यक्ष नियुक्त किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** महर्षि दधीचि जनकल्याण संस्थान युवा प्रकोष्ठ उदयपुर संभाग के सचिव पुरणमल दाधीच ने संस्थान के युवा प्रकोष्ठ प्रभारी विष्णु दाधीच, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विजेश दाधीच, उदयपुर संभाग युवा अध्यक्ष महावीर व्यास की सहमति से कपासन निवासी गौरव दाधीच पुत्र जितेंद्र शर्मा को युवा प्रकोष्ठ का चितौड़गढ़ जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# पुलिया का अधूरा निर्माण दे रहा है दंश फंस रहे है वाहन, ढगारिया रोड का मामला

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( विश्वनाथ शर्मा )।** उपखंड क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों को कोटा दोसा मेगा हाइवे से जोड़ने वाले ढगारिया रोड पर विभाग द्वारा पुलिया के अधूरे निर्माण से ग्रामीणों व वाहन चालकों को परेसान होना पड़ रहा है ग्रामीणों ने बताया कि यहाँ बनाई गई पुलिया के निर्माण बाद सड़क को जोड़ने के लिये पुलिया दोनों तरफ अप्रोच रोड नही बनाया गया है ओर वँहा से वाहनों का आवागमन शुरू कर दिया गया। जिससे पुलिया के दोनों तरफ डाली गई मिट्टी में वाहन धँस कर फस जाते है जिससे रास्ता भी बाधित हो जाता है गुरुवार को भी



एक ट्रक यंहा इस अधूरे निर्माण में फस गया जिसे बड़ी मशक्कत के बाद निकला गया। वही अब बरसात आने से वँहा डाली गई मिट्टी गीली होने फिसलन भी बढ़ गई है जिसके चलते बाइक सवार भी गिर कर चोटिल हो रहे है ग्रामीणों ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों से पुलिया के अधूरे निर्माण को जल्द पूर्ण करवाने की मांग की है।

# ‘वंदे गंगा’ बना जन अभियान, हर गाँव-ढाणी और नगर में जल संरक्षण की जगी अलख : जल संसाधन मंत्री रावत

## महज 15 दिन सीमित न रहे अभियान, हर दिन पानी और पर्यावरण के लिए हो

### सुरेश रावत ने कलेक्ट्रेट सभागार में ली ‘वंदे गंगा’ अभियान की समीक्षा बैठक

### वंदे गंगा में अग्रणी रहने पर सुरेश रावत ने अग्रणी रहने पर राजसमंद को सराहा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** राज्य सरकार के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में वंदे गंगा (जल संरक्षण-जन अभियान) की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा, एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, समाजसेवी माधव जाट आदि मौजूद रहे।

बैठक में जिला कलक्टर असावा ने जिले में अभियान अंतर्गत हुए विभिन्न कार्यों जैसे अभियान के अंतर्गत रैली, रन फॉर एनवायरनमेंट, पौधारोपण, जल स्त्रोतों की सफाई, नेचर वॉक, तुलसी पौधा वितरण, श्रमदान, प्याऊ स्थापना, रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग की सफाई, निबंध, भाषण प्रतियोगिताएं, महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई, जल संरचनाओं का लोकार्पण और गाद निकासी, महिला समूहों की सहभागिता, अधिकाधिक फार्म पौण्ड की स्वीकृति और कर्मभूमि से मातृभूमि आदि पर प्रकाश डाला। जल संसाधन मंत्री रावत ने एक-एक कर समस्त अधिकारियों जैसे जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय, जल संसाधन अधिशाषी अभियंता मान सिंह जोरवाल, पीएचईडी अधीक्षण अभियंता राम अवतार सैनी, पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियंता मगनी राम रैगर आदि से विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने वंदे गंगा अभियान में हाल ही में जारी हुई रैंकिंग में राजसमंद जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहने को लेकर बधाई दी और कहा कि इस जिले में वंदे गंगा अभियान के तहत अच्छा कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत अधिकतम पौधारोपण हो और यह सुनिश्चित करें कि लगाए जाने वाले पौधे जीवित रहें। उन्होंने कहा कि वंदे गंगा अब महज 15 दिन का अभियान नहीं है, हमें निरंतर जल संरक्षण गतिविधियां करनी है, क्योंकि जल है तो कल है।

जल संसाधन मंत्री रावत ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि जिलेभर में नदी, नालों, तालाबों आदि पर अतिक्रमण हटाए जाएं। बैठक के अंत में जिला कलक्टर मुकुन्द असावा ने जल संसाधन मंत्री रावत को जिले में हुए विभिन्न नवाचारों और अभियानों जैसे स्वच्छ राजसमंद, स्वस्थ राजसमंद, माय ऑफिस क्लीन ऑफिस, माय हॉस्पिटल क्लीन हॉस्पिटल, माय स्कूल क्लीन स्कूल, मेरा विद्यालय श्रेष्ठ विद्यालय, दिव्यांग सारथी, प्रोजेक्ट सक्षम सखी, मिशन सहभागिता आदि पर प्रकाशित बुकलेट एवं वंदे गंगा अभियान के तहत जिले में हुई गतिविधियों पर प्रकाशित बुकलेट भेंट की जिसका मंत्री द्वारा अवलोकन कर गतिविधियों को सराहा गया। बैठक में विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने भी मंत्री के समक्ष अपने क्षेत्र के लिए विभिन्न मांगें रखी जिस पर मंत्री श्री रावत ने शीघ्र से शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया।




## वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत जल संसाधन विभाग द्वारा 500 से अधिक पौधों का रोपण



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, (राजू शर्मा)।** जल संसाधन विभाग द्वारा जिले में वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के अन्तर्गत विभिन्न जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जल संसाधन खण्ड द्वितीय द्वारा ग्राम विश्नौदा में कालीतीर क्षेत्र की आवंटित भूमि पर लगभग 100 पौधे लगाए गए। इसी क्रम में जल संसाधन लिफ्ट खण्ड, धौलपुर द्वारा सागरपाड़ा कैंपस में शुक्रवार को 400 पौधों का रोपण किया गया। इन गतिविधियों में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। वृक्षारोपण के ये प्रयास जलवायु संतुलन एवं भूजल संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत जिले में जनसहभागिता को प्रोत्साहित करते हुए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, संवाद, स्वच्छता गतिविधियाँ एवं सामूहिक सहभागिता आधारित आयोजन हुए। जल संसाधनों के सतत संरक्षण और संवर्धन की दिशा में यह अभियान जिले में एक सकारात्मक एवं प्रभावी पहल सिद्ध हुआ है। इस दौरान अधीक्षण अभियन्ता सुरेश चन्द मीणा, अधिशाषी अभियन्ता बिज्जेलाल शर्मा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भा. कि.संघ कनवाडा के रामवीर सिंह अध्यक्ष बच्चों सिंह मंत्री निर्वाचित



बढ़ता राजस्थान

**कामां/भरतपुर (रेखचन्द्र भारद्वाज)।** भारतीय किसान संघ तहसील कामा की बैठक यतेन्द्र गुलपाडिया के मुख्य अतिथि में ग्राम कनवाडा में संपन्न हुई, यादराम सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में किसने की बिजली पानी खाद बीज अनाज मंडी जैसी आवश्यकताओं को लेकर चर्चा की गई अपने मुख्य अतिथि उद्बोधन यतेन्द्र गुलपाडिया ने वर्तमान राजस्थान के कृषि मंत्री द्वारा खाद एवं बीज फैक्ट्रीयो पर डाले गए चैन में जो बात निकाल कर सामने आई है उस सभी किसान चिंतित है सभी किसानों से आग्रह किया जाता है कि बीज एवं खाद खरीदते समय दुकानदार से बिल अवश्य लें बल से दुकानदार की प्रमाणिकता का पता लग सकता है अगर फसल खराब होती है तो उसके लिए संबंधित दुकानदार से कह सकते हैं बिल में बी के लॉट नंबर निर्माण तिथि अवश्य होनी चाहिए बल पर देख लें कि जीएसटी या अन्य किसी प्रकार की जो दुकानदार द्वारा परियां की जाती है वह है या नहीं। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व मां सरस्वती पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण के साथ अगर दुखों का सम्मान किया गया। सर्वसम्मति से रामवीर सिंह अध्यक्ष बच्चों सिंह मंत्री धर्म सिंह युवा प्रमुख सीता देवी महिला प्रमुख भगवान सिंह मुक्ति प्रमुख दीवान सिंह स्वच्छता प्रमुख नवल सिंह जैविक प्रमुख राम हरि गौ सेवा प्रमुख गिरधारी लाल जल संरक्षण प्रमुख दाताराम पौधारोपण प्रमुख एवं नंदराम शर्मा को सुरक्षा प्रमुख बनाया गया। बैठक में हरकिशन कलावटा हुकम सिंह यादव गोपाल सिंह सतवास मुरारी पंडित, निरंजन सिंह भगवान सिंह विष्णु सुरेश राम हरि रामवीर रामवीर आदि किसान उपस्थित रहे ।

## श्रीयादे माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्री प्रहलाद राय टाक रहेंगे दौरे पर

### जागरूकता शिविर में लेंगे भाग, प्रभु श्रीनाथजी के दर्शन कर विश्वास स्वरूप का करेंगे भ्रमण

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** श्रीयादे माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्री प्रहलाद राय टाक 21 जून शनिवार को राजसमंद जिले के दौरे पर रहेंगे। प्राप्त कार्यक्रम अनुसार वे यहाँ दोपहर 2 बजे प्रजापति धर्मशाला कांकरोली पहुंचकर श्रीयादे माटी कला बोर्ड द्वारा आयोजित जागरूकता शिविर में भाग लेंगे। सायं 4 बजे निजी कार्यक्रम में भाग लेंगे। सायं 5:30 पर पर प्रस्थान कर नाथद्वारा पहुंचकर प्रभु श्रीनाथ जी के दर्शन करेंगे। यहाँ से 7 बजे प्रस्थान कर विश्वास स्वरूप पहुंचेंगे। वे रात्रि विश्राम सर्किट हाउस राजसमंद में करेंगे एवं 22 जून रविवार को यहाँ से माउंट आबू के लिए प्रस्थान करेंगे।

## डोर टू डोर कचरा संग्रहण व शत प्रतिशत ओडीएफ ग्रापं महादपुरा धौलपुर

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** राजाखेड़ा उपखंड में चंबल के किनारे स्थित ग्राम पंचायत महादपुरा विकास की ओर अग्रसर है। जहां करीब 40 साल पहले आने जाने के लिए सड़क नहीं होने से लोग पैदल या साइकिल से जिला मुख्यालय पहुंचते थे, जहां आज गांव-गांव सड़क होने के साथ ही बिजली एवं पानी की माकूल व्यवस्था है। स्वच्छता में भी जिले सबसे अव्वल है। लेकिन चंबल के किनारे होने के कारण चंबल में बाढ़ आने पर ग्राम पंचायत के कई गांवों को खाली करना पड़ता है, जो उनके लिए सबसे बड़ी समस्या भी है। ग्राम पंचायत के बुजुर्ग बताते हैं कि चंबल किनारे बसे गांव भूड़ा, शंकरपुरा में जहां लोग चंबल या कुओं से पानी भरकर अपनी प्यास बुझाते थे, लेकिन आज ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत उच्च जलाशय बनने के साथ जहां घर-घर पानी मिल रहा है तो वही जिन गांवों में जलाशय का पानी नहीं पहुंच रहा है वहां ग्राम पंचायत की ओर से मोहल्लों में बोरंग कर पानी की टंकी रखवाकर पेयजल व्यवस्था की गई है। पूर्व सरपंच ब्रजकिशोर शर्मा, दीवान सिंह ने बताया कि चंबल के किनारे होने के कारण इस क्षेत्र को कछियारा के नाम से जाना जाता है। जहां पहले करीब 40 से 45 साल पहले कोई विकास नही था। लेकिन गत 20 साल में ग्राम पंचायत में जो विकास कार्य हुए है वह साहारनीय है। जनसंख्या = 8200 मुख्यालय से दूरी = 22 किमी आवागमन का साधन = केवल निजी एवं डग्गेमार वाहन प्रमुख उत्पादन = गेहूं, सरसों आय का स्त्रोत = पशुपालन, कृषि स्वच्छता को लेकर होता है डोरटू डोर कचरा संग्रहण... ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत महादपुरा में स्वच्छता को लेकर नगर निकायों की तरह कार्य किया जा रहा है। जिसमें ग्राम पंचायत की ओर से ई रिक्शा लगाए गए हैं, जो डोर टू डोर कचरा संग्रह करते है। वही स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम पंचायत को शत प्रतिशत ओडीएफ भी घोषित है।



## एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योगाभ्यास आज

### आयोजन को लेकर जागरूकता रैली, पूर्व सांसद कोली होंगे मुख्य अतिथि




बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 का आयोजन होना है। एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए,उपखंड स्तरीय योग दिवस का आयोजन 21 जून 2025 को उपखंड मुख्यालय के पीएम श्री जगन्नाथ पहाड़िया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित किया जाएगा आयुर्वेद विभाग की ओर से उपखंड स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के प्रभारी डॉक्टर वीरेंद्र शर्मा ने भुसावर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा के निर्देशन में समस्त तैयारी को मूर्त रूप दिया है आमजन को जागरूक करने के लिए आयुर्वेद शिक्षा विभाग एवं नागरिकों के सहयोग से आयोजित होने वाले इस शिवर को सफल बनाने के लिए 20 जून 2025 को आयुर्वेद विभाग के चिकित्सा चंद्र देव पांडे सोमेंद्र पांडे की सहभागिता से जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया और रैली कस्बे के मुख्य बाजार एवं मोहल्ले से गुजरते हुए आम जन को योग के लिए प्रात: 6:00 बजे स्थानीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पहुंचने का आवाहन किया।

**पूर्व सांसद कोली होंगे मुख्य अतिथि :** उपनिदेशक आयुर्वेदिक विभाग भरतपुर डॉक्टर इंदु शर्मा एवं सहायक नोडल अधिकारी आयुर्वेदिक विभाग भरतपुर डॉ प्रेम सिंह चौधरी के अनुसार भुसावर उपखंड स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम समारोह के पूर्व सांसद भाजपा रामस्वरूप कोली मुख्य अतिथि होंगे।

## आनासागर को बनाया जाएगा स्वच्छ एवं सुंदर : खर्रा

### नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने किया अजमेर आनासागर झील का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (घनश्याम दास)।** 20 जून को नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने शुक्रवार को आनासागर झील का निरीक्षण कर वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत झील में त्रिदिवसीय श्रमदान में किए गए सफाई कार्य देखे एवं अभियान में किए गए अन्य स्वच्छता कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। मंत्री खर्रा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा परंपरागत जल स्त्रोतों के पुनरुद्धार एवं संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेशभर में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आनासागर झील पर हाल ही में हुए श्रमदान एवं सफाई कार्यों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि झील में सिल्ट की मात्रा अधिक होने की जानकारी मिली है। इसकी डिसिल्टिंग आवश्यक है। इसके लिए बड़ी मशीनरी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इससे गाद की सफाई प्रभावी ढंग से हो सकेगी। उन्होंने कहा कि झील में कुछ नाले बिना उपचारित जल के साथ सीधे प्रवेश कर रहे हैं। वे जल की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। इस विषय में नगर निगम के अधिकारियों से चर्चा कर निर्देश दिए गए कि इन नालों के जल को ट्रीटमेंट के बाद ही झील में प्रवाहित किया जाए। इसके लिए उपयुक्त तंत्र की स्थापना की जाएगी। मंत्री खर्रा ने कहा कि अतीत में झील पर जलकुंभी का भारी प्रकोप रहा है। सबके संयुक्त प्रयासों से झील को जलकुंभी मुक्त किया गया है। अब लक्ष्य झील को पूरी तरह स्वच्छ, सुंदर एवं संरक्षित बनाना है। उन्होंने कहा कि अजमेर की जलापूर्ति में योगदान देने वाले सभी पारंपरिक जल स्त्रोतों को उनके मूल स्वरूप में लाने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है और इस दिशा में योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को झील की नियमित निगरानी, साफ सफाई और जनसहभागिता से संरक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर महापौर श्रीमती ब्रजलाता हाडा, उप महापौर श्री नीरज जैन, अध्यक्ष श्री रमेश सोनी, नगर निगम आयुक्त श्री देशल दान, उपायुक्त श्रीमती अनिता चौधरी, श्री रचित कच्छावा सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## श्री धाकड़ समाज धमार्थ ट्रस्ट सेवा समिति वैर की बैठक रविवार को झील का बाड़ा में

बढ़ता राजस्थान

**वैर /भरतपुर (गोपाल पाठक)।** श्री धाकड़ समाज धर्मार्थ ट्रस्ट सेवा समिति वैर के तत्वाधान में बैठक आगामी रविवार 22 जून को 10:00 बजे देवी मंदिर परिसर झील का बाड़ा स्थित धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। समिति के अध्यक्ष राधेश्याम धाकड़ हिसामड़ा, मंत्री मनीराम धाकड़ भुसावर, कोषाध्यक्ष श्री राम धाकड़ ब्रह्मबाद, उपाध्यक्ष जगराम धाकड़ भरतपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैठक में गोवर्धन तीर्थ क्षेत्र में निर्माण कराई जा रही धर्मशाला की वित्तीय एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा एवं आगामी योजना पर विचार विमर्श होना है। साथ ही समाज हित में प्रस्तावित सेवा योजनाओं और सामाजिक उत्थान से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। बैठक में धाकड़ समाज के समस्त बन्धुओं को उपस्थित रहने की अपील की गई है।

## सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए 47. 96 करोड़ राशि शिकायत करने पर क्षेत्र वासियों ने जताया सांसद का आभार

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सांसद महिमा कुमारी द्वारा केंद्रीय सड़क अवसरंचना निधि के तहत राजसमन्द संसदीय क्षेत्र में राजसमन्द विधानसभा के सांगठ कला वाया साकरोदा सुदरचा भाणा तासोल, बिनोल, सरदारगढ़ होते हुए सहाड़ा भीलवाड़ा तक सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए 47.96 करोड़ की राशि स्वीकृत करवाने पर भाजपा नेता नर्बदा शंकर पालिवाल, सुरन्दरचा सरपंच तुलसीराम बागोरा,पूर्व सरपंच भोलाराम भील,पूर्व पंचायत समिति सदस्य भगवति प्रसाद पालिवाल,सांगठ पूर्व सरपंच भवर सिह चौहान,भाणा पूर्व सरपंच भेरुलाल कुमावत तासोल सरपंच भवर लाल सरगरा उपसरपंच लछुदास वैष्णव, राजसमन्द पंचायत समिति के उपप्रधान सुरेश कुमावत, पूर्व उपप्रधान सुरेश जोशी, जवाहर जाट,भेरुलाल नन्दवाना,विनोद जोशी, गिरीश पालिवाल, लक्ष्मीनारायण जोशी,भगवान लाल कुमावत,दिनेश कुमावत,शिव जोशी सहित सांगठ सुन्दरचा भाणा तासोल बिनोल पंचायत के कार्यकर्ताओं ने सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ वित्तमंत्री दिया कुमारी एवं केंद्रीय सड़क मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया।

## देवनानी ने फ्रांस की संसदीय परंपराओं एवं सीनेट की कार्यप्रणाली का किया गहन अध्ययन

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर (घनश्याम दास)।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने फ्रांस दौरे के दौरान शुक्रवार को पेरिस में फ्रांसीसी सीनेट का औपचारिक दौरा कर वहां की संसदीय प्रणाली, समितियों की संरचना तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का अवलोकन एवं अध्ययन किया। देवनानी इस अध्ययन यात्रा में फ्रांसीसी विधायिका की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी ली। देवनानी ने सीनेट के सीनेटर नथाली गौलेट से संसदीय दक्षता बढ़ाने बाली बिंदुओं पर चर्चा की तथा दोनों देशों की लोकतांत्रिक संस्थाओं के मध्य सहयोग की नई संभावनाओं को तलाशा।

देवनानी ने फ्रांस की द्विसदनीय प्रणाली, विशेषत: सीनेट की भूमिका, उसकी संवैधानिक स्थिति तथा विधायी प्रक्रियाओं में उसकी भागीदारी का राज्यसभा और राज्य विधान परिषद का तुलनात्मक अध्ययन किया। उन्होंने सीनेट की स्थायी समितियों के कार्य, उनके अनुसंधान आधारित निर्णय लेने की प्रणाली तथा प्रशासन और विधायिका के बीच संतुलन बनाए रखने की प्रक्रिया में गहरी रुचि दिखाई। इस अवसर पर उन्होंने फ्रांस सीनेट उपाध्यक्ष, संसदीय सचिवों एवं विधि विशेषज्ञों से संवाद कर विचारों का आदान-प्रदान किया। चर्चाओं में जलवायु नीति, शिक्षा सुधार, बजट प्रक्रिया एवं साइबर सुरक्षा जैसे समसामयिक विषयों पर दोनों पक्षों ने विचार रखे। देवनानी ने बताया कि यह अध्ययन यात्रा भारत-फ्रांस संसदीय संबंधों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण है। राजस्थान विधानसभा अब इस अनुभव का लाभ उठाकर अपनी विधायी कार्यप्रणाली में नवाचार, पारदर्शिता और वैश्विक संवाद की नई दृष्टि समाविष्ट करने की दिशा में अग्रसर होगी।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व भाजपा ने किया योग शिविर का आयोजन

### योग विश्व को भारत की अनूठी देन, हम विश्वबंधु की भूमिका निभा रहे : अग्रवाल



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (नि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व भाजपा कार्यालय पर योग शिविर का आयोजन प्रदेश महामंत्री एवं योग शिविर प्रदेश संयोजक सांसद दामोदर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं विधायक अशोक कोठारी, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि योग शिविर में सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व में प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है। योग दुनिया को भारत द्वारा दी गई अनूठी देन है जिसे 177 देशों ने स्वीकार किया है। भारतवासियों के लिए यह गौरव की बात है कि आज हम विश्वबंधु की भूमिका निभा रहे हैं। योग शारीरिक व्यायाम से कहीं बढ़कर, जीवन जीने की एक शैली है, जो मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक स्थिरता और आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा 17 से 19 जून तक मंडल स्तर एवं 20 जून को जिला स्तर पर योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए हैं। 21 जून को होने वाले अंतराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भी भाजपा अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगी। योग शिविर में योगगुरु कलकीराम जी एवं डॉ श्रृंग कुमार सुखवाल ने योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजकुमार आंचलिया, भगवती प्रसाद जोशी, जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद त्रिपाठी, मंजू चेचानी, अविनाश जीनगर, बाबूलाल आचार्य, कार्यक्रम सहसंयोजक देवेंद्र डाणी, गोपाल तेली, ललित अग्रवाल, अंकुर बोरदिया, महावीर समदानी, अजीत केसावत, कुलदीप शर्मा, पूरण डीडवानिया, अनिल सिंह जादौन, ऋतुशेखर शर्मा, लादुलाल हिरण, सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## योग दिवस का संकल्प जेल को बनाए साधना स्थली : योगाचार्य विशाल साबू

### निम्बाहेड़ा कारागार में योग दिवस का पूर्वाभ्यास

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** निम्बाहेड़ा मे जेल प्रभारी युवराज सिंह ने बताया कि योगाचार्य विशाल साबू आरोग्य सेवा धाम संचालक ने 21 जून योग दिवस का पूर्वाभ्यास निम्बाहेड़ा उपखंड कारागार में बंद सभी केदीयो को करवाया। योगगुरु विशाल ने कहा कि एक ही सीमित स्थान जेल में रहने के कारण शारीरिक क्रिया भी अधिक नहीं हो पति है जिससे सभी बंदियों का शरीर अकड़ जाता है लेकिन अगर सभी केदी नियमित रूप से थोड़ा बहुत योगाभ्यास भी कर ले तो कई प्रकार की गंभीर बीमारियों से बचने के साथ ही शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ भी रह सकते है। सभी प्रकार के दुख का कारण बंधन है, बंधन चाहे शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक या सामाजिक हो बहुत अधिक आसक्ति और लगाव के कारण हम संबंधो व समाज में उलझ जाते है और अपराध कर बैठते है फल स्वरूप दु:ख पाते है, अगर हम शांति से विवेक पूर्वक बंधन का कारण पता कर तो निवारण भी मिल जाएग। अगर केदी नियमित रूप से योग, प्राणायाम, ध्यान, साधना करे तो जेल के सीमित संसाधनों का प्रयोग करते हुए भी अपनी आध्यात्मिक स्तिथि को काफी सुदृढ़ कर सकता है ताकी निकट भविष्य में अपराध करने से बच सकता है।

## भाजपा नगर अध्यक्ष चौधरी ने की मण्डल कार्यकारिणी गठित


बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी निम्बाहेड़ा नगर मंडल अध्यक्ष कपिल चौधरी ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी, सांसद सी.पी. जोशी, भाजपा जिला अध्यक्ष रतन गाडरी की सहमति से निम्बाहेड़ा नगर मंडल की कार्यकारिणी का गठन किया है। नगर अध्यक्ष चौधरी ने कार्यकारिणी का गठन करते हुए बताया कि कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर पुष्कर सोनी, गोपाल पंचोली, महिपाल सिंह राणावत, मनोज मालू, नरेश आमेटा, कुलदीप सिंह राठौड़, लव (लक्की) आहुजा, जगदीश चन्द्र माली तथा महामंत्री पद पर देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, निलेश मेहता, कमलेश बुनकर को नियुक्त किया है। चौधरी ने बताया कि इसी प्रकार कार्यकारिणी में प्रवक्ता पद पर सुनिल चाष्टा, मंत्री पद पर ओमप्रकाश नाथ, धर्मपाल जाट, आशीष बोड़ाना, कैलाश सेन, रतन वैष्णव, शिवदयाल कुमावत एवं कोषाध्यक्ष पद पर निलेश भूतड़ा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगर मंडल की नवीन कार्यकारिणी गठन में नव दायित्ववान पदाधिकारियों ने पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी सहित शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है, वहीं जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

## बारिश के सीजन में टेबल फेन में आया करंट, व्यापारी की हुई मौत

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां (टी.आर सैनी)।** बारिश के इस मौसम में टेबल फेन में आये करंट के झटके से 55 वर्षिय व्यापारी की मौत हो गई। व्यापारी कस्बे के टोडापोल वार्ड एक निवासी व्यापारी नन्द किशोर साहू है। एकाएक घर के मुखिया की हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया। एएसआई रमेश ने बताया कि मृतक के पुत्र रविन्द्र कुमार साहू ने पुलिस को दी गई रिर्पोट में बताया कि सवेरे 6 बजे करीब स्नान पूजा के बाद उसके पिता दुकान पहुँचे थे। दुकान पर टेबल फैन को चालू करते समय करंट की चपेट में आ जाने से अचेत हो गये। मौके पर मौजूद लोग पिता को उपजिला चिकित्सालय लेकर गये जहां कार्यरत चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर उपजिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया गया। जहां मृतक के परिजनो की मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनो को सुर्पद किया गया। मृतक नंद किशोर साहू आटा चक्की एंव महेन्द्रा ट्रेक्टर शोरूम के मालिक थे। उसके तीन पुत्र एंव एक पुत्री है। पुलिस ने 174 में मृर्ग दर्ज करके जॉच शुरू कर दी है। मिलनसार व्यक्तित्व का धनी नंद किशोर साहू की मौत होने की जानकारी मिलने पर परिजनो में कोहराम मच गया। टोडापोल क्षेत्र में शोक छा गया।

### ग्रामीण क्षेत्र में हिन्दुस्तान जिंक द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास अनुकरणीय

# हिन्दुस्तान जिंक द्वारा शिक्षा संबंल कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित समर कैम्प का समापन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़ (रेखा ख़ाबिया)।** हिन्दुस्तान जिंक द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास अनुकरणीय है, कंपनी के शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत् गतिविधियों से परिणामों में सुधाार आना सराहनीय है। यह बात जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने हिन्दुस्तान जिंक द्वारा एक माह तक संचालित शिक्षा संबल समर कैंप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम या राजकीय और निजी विद्यालय से नहीं बल्कि मेहनत और सच्ची लगन से सफलता पायी जा सकती है। शिक्षा संबल कार्यक्रम व्यक्तित्व और शैक्षिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है, उन्होंने बच्चों से आव्हान किया कि कम संसाधन में भी हमेशा संघर्ष करते रह कर चुनौतियों को स्वीकार करना हर छात्र के लिए आवश्यक है। जिला कलेक्टर ने विद्यार्थियों से मोबाइल फोन से दूर रह कर अध्ययन, जिम्मेदार नागरिक बनने, जल सरंक्षण, प्लास्टिक मुक्त एव हमेशा कुछ न कुछ सीखने की जिज्ञासा का संदेश दिया। हिन्दुस्तान जिंक चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर के ग्रामीण विकास के अन्तर्गत संचालित शिक्षा सम्बल ग्रीष्मकालीन शिविर डगला का खेड़ा, कंथारिया, आजोलिया का खेड़ा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ। जिसमें आस पास के क्षेत्र के 200 से अधिक ग्रामीण प्रतिभाएं आत्मविश्वास से परिपूर्ण नज़र आई।

माध्यमिक कक्षा में इस वर्ष प्रवेश लेने वाले छात्र छात्राओं के परिणाम में गुणवत्तापुर्ण सुधार एवं ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने के यह ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। शिविर का समापन समारोह ज़िंक नगर एक्जीक्यूटिव क्लब में आयोजित हुआ। इस अवसर पर हिन्दुस्तान जिंक के डिप्टी स्मेल्टर हेड एवं चंदेरिया लेड ज़िंक स्मेल्टर के लोकेशन हेड मानस त्यागी, प्रधान चित्तौड़गढ़ देवेंद्र कंवर भाटी, धनेतकलां सरपंच रणजीत सिंह भाटी, सरपंच पुठोली महिपाल सिंह, सीडीईओ महावीर शर्मा, डीपीसी प्रमोद दशोरा,



लीला चतुर्वेदी,, कार्यक्रम समन्वयक नफिस अहमद, प्रधानाचार्य राजकीय विद्यालय धनेतकलां राजेन्द्र दशोरा, सीएसआर हेड सुदंरराज एवं विद्या भवन सोसायटी से आशीष चोरड़िया उपस्थित थे। इस अवसर पर मानस त्यागी ने जिले में संचालित शिक्षा संबल कार्यक्रम की जानकारी दी एवं विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए हार्ड वर्क, क्यूरियोसिटी बनाए रखने, पॉजिटिव एटीट्यूड और डिसिप्लिन रखते हुए आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। समापन समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ, विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किये। विद्यार्थियों को उनकी उपस्थिति एवं उल्लेखनीय प्रतिभाओं के लिए अतिथियों द्वारा प्रमाणपत्र एवं प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## सुख सेवा संस्थान द्वारा नशामुक्ति जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़ (नि.स.)।** भारत स्काउट व गाइड जिला मुख्यालय चित्तौड़गढ़ के तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर 16 से 22 जून तक बीएसटीसी छात्र अध्यापकों के लिये आयोजित ग्रुप प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन शुक्रवार को सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्र द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशामुक्त रहने को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सर्कल ऑर्गेनाइजर (स्काउट) चन्द्रशंकर श्रीवास्तव ने सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र के द्वारा चित्तौड़गढ़ में किया जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की और संस्थान अध्यक्ष गफ्फार पठान को इस सकारात्मक कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में सुख सेवा संस्थान नशा मुक्ति केंद्र के काउंसलर प्रियंका जोशी, कॉर्डिनेटर अमित चेचानी, सदस्य जितेन्द्र तोमर ने नशा मुक्ति के विषय पर संबोधित किया। इस अवसर पर संस्थान से पधारे वक्ताओं द्वारा नशे के विविध पहलुओं दुष्प्रभावों उनसे किस प्रकार बचा जाये, के बारे में जानकारी प्रदान की गई। संस्थान काउंसलर प्रियंका जोशी ने जानकारी दी कि क्योंकि आज कोई भी हिंसा




जो हो रही है समाज के अंदर इसका मूल कारण नशा ही है। आज जो बीमारियां बढ़ रही है उसकी वजह नशा, धूम्रपान आदि रहा है। संस्थान कॉर्डिनेटर अमित चेचाणी ने संस्थान द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यो पर प्रकाश डाला और नशा नाश का द्वार है बिंदु पर कहा कि नशा एक व्यक्ति को ही नहीं पूरे समाज और देश के लिए घातक है इसके परिणाम बेहद गंभीर होते है। संस्थान सदस्य जितेन्द्र तोमर द्वारा नशे को चतुर चालाक बीमारी बताते हुए नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला गया इस मौके पर छात्र अध्यापकों ने वक्ताओं से सवाल भी किए जिनका उनके द्वारा संतोषप्रद जवाब दिए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी को नशा मुक्त रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रशिक्षक के रूप में लीडर ट्रेनर चतर सिंह राजपूत, सत्य नारायण सोमानी, अखिलेश श्रीवास्तव, प्रेम प्रकाश मीणा, सोहन लाल मेघवाल, पवन माली, पंकज दशोरा, हेमेंद्र सोनी, हर्षित पुरोहित सर्विस रोवर रोनक लखारा, विरेन्द्र सिंह, भगत भुल, निर्मल सिंह, सांवरिया लाल गुर्जर रेंजर कल्पना मीणा, शानू मीणा, कविता भील, सुमन खटीक व रोवर लीडर बाल कृष्ण मेनारिया आदि उपस्थित थे।

## बालश्रम मुक्त अभियान के अंतर्गत मुक्त बच्चों को शिक्षा से जोड़ा जाएगा


### जिला कलक्टर ने दिए विद्यालय में ठहराव सुनिश्चित करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडगढ़ (नि.स.)।** जिले में संचालित बालश्रम मुक्त चित्तौड़गढ़ अभियान के अंतर्गत बालश्रम से मुक्त कराए गए बच्चों को भविष्य में पुन: बालश्रम की ओर प्रवृत्त होने से रोकने के उद्देश्य से शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने जिला बाल संरक्षण इकाई की मासिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन बच्चों का न केवल स्कूलों में नामांकन कराया जाए, बल्कि स्कूलों में उनका ठहराव भी सुनिश्चित किया जाए। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से पूर्व ही ऐसे सभी बच्चों की पहचान की जाए, जो स्कूल में नामांकित नहीं हैं या बीच में पढ़ाई छोड़ चुके हैं (ड्रॉपआउट)। इन बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर जुलाई के प्रथम सप्ताह तक उनका विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त, जिला कलक्टर ने उन बच्चों की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए जिनके बाल विवाह रोके गए हैं, ताकि उनके वयस्क होने से पूर्व दोबारा विवाह न हो। यह कार्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के माध्यम से किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम ने बाल नशावृत्ति को रोकने हेतु संबंधित विभागों को सतत कार्य योजना के तहत कार्य करने तथा नशा विरोधी गतिविधियाँ नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश सांखला ने बताया कि जिले में बालश्रम की रोकथाम हेतु उमंग-5 अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के सभी थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा चुका है।

साथ ही, पॉक्सो पीड़ितों के लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण करवाने हेतु निर्देशित किया ताकि पीड़ित प्रतिकर योजना से लाभान्वित करवाया जा सके।

## जोधडास हाई लेवल ब्रिज कार्य को पूर्ण करने हेतु भूमि अवाप्ति की स्वीकृति जारी



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा(अमित शर्मा)।** शहर विधायक अशोक कोठारी द्वारा बजट सत्र के दौरान जोधडास हाई लेवल ब्रिज का सदन में मामला रखा था, पटल पर उन्होंने कहा था कि हाई लेवल ब्रिज चढ़ने के लिए बना दिया गया है, लेकिन उतरने के लिए कोई रास्ता नहीं है, जानकारी के अनुसार वर्ष 2021 में 34 करोड़ रूपए की लागत से यह ब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया था, लेकिन नीचे उतरने का रास्ता नहीं होने से इस ब्रिज का उपयोग नहीं हो पा रहा है। उक्त प्रस्ताव के जवाब में नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा ब्रिज हेतु शीघ्र-अतिशीघ्र भूमि अवाप्ति कर ब्रिज से नीचे उतरने हेतु सड़क व ब्रिज का निरीक्षण करने के लिए भीलवाड़ा आने की बात कही। विधायक कोठारी के प्रयास से राज्य सरकार द्वारा ब्रिज से नीचे उतरने हेतु भूमि अवाप्ति के लिए स्वीकृति प्रदान की गई, ब्रिज के क्षेत्राधिकार आने वाली भूमि को नगर विकास न्यास द्वारा अवाप्ति कर इसके रास्ते का निर्माण शुरू करवाया जायेगा।

## तिरपाल की छाया करके किया दाहसंस्कार

### पंचायतराज के अधिकारियो एंव जनप्रतिनधियो की अनदेखी पर उठे सवाल

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां (टी.आर सैनी)।** नैनवां उपखण्ड क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में आज भी मोक्षधाम की व्यवस्था नहीं है। पंचायतराज के जनप्रतिनिधि एंव अधिकारी मोक्षधाम पर बजट स्वीकृत कर वहां टीन सेड़ एंव पक्का चबूतरा के लिए बजट आवंटित किया जाता है। मोक्षधाम पर शव यात्रा के लिए नरेगा से ग्रेवल सड़क होने की बात बैठको में की जाती है,लेकिन जमीनी हकिकत कुछ ओर ही है। ऐसे में ग्रांमीणजन आज भी पंचायतराज के जनप्रतिनिधियो एंव अधिकारियो की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे है। शुक्रवार को फूलेता पंचायत के बोकणा का झोपड़ा नाथड़ी के पास एक वृद्व महिला मनभर बाई पत्नि कालू गुर्जर की बीमारी के चलते मौत हो गई। बारिश में भीगते हुए ग्रांमीण शव को लेकर श्मशान घाट तक ले गये। लेकिन बीच रास्ते में कीचड़ होने से लोगो को काफी परेशानी उठानी पड़ी। उपर बारिश का पानी ,रास्ते में कही कीचड़ तो कही भरा हुआ पानी को पार करके गांव के लोग जैसे तैसे करके शव को श्मशान घाट तक ले गये। बारिश के दौरान लोगो ने तिरपाल लगा कर शव का दाहसंस्कार करने की कोशिश की। ग्रांमीणो ने बताया कि आफत की इस बारिश से दाहसंस्कार नहीं हो पाया। लोगो ने चिता पर तेल डाला गया। बारिश से बचाव के लिए चिता पर तिरपाल लगाया गया। करीब 6 घंटे में वृद्वा का दाहसंस्कार हो पाया। ग्रांमीणो ने बताया कि नाथड़ी एंव बोकणा के झोपड़ा का एक ही स्थान पर श्मशान घाट है। श्मशान के लिए दो बीघा भूमि आवंटित है,लेकिन आवंटित भूमि



पर अवैध कब्जा है। इसलिए गांव के लोग फिलहाल वैकल्पि स्थान पर ही दाहसंस्कार करते आ रहे है। उन्होने पंचायतराज के अधिकारियो को इस बारे में भी कई बार अवगत करवाया लेकिन अधिकारी एंव जनप्रतिनिधियो ने कभी गांव की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया।

**इनका कहना :** मामला मेरी संज्ञान में नहीं है,जानकारी करके समस्या का समाधान करने की कोशिश की जायेगी। मोक्षधाम पर टीन सेड किया जाने का प्रावधान है।

**नेकीराम चैधरी**
**ग्रांम विकास अधिकारी**
**फूलेता**

## 21 जून योग दिवस आयोजन के लिए तोतला निम्बाहेड़ा विधानसभा संयोजक

### योग दिवस के एक दिन पूर्व तैयारियों को दिया अंतिम रूप, हुआ पूर्वाभ्यास

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए सांसद सीपी जोशी, पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी की सहमति से जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी के निर्देश पर योग दिवस अभियान के जिला संयोजक गोवर्धन लाल ने निम्बाहेड़ा विधानसभा संयोजक, सहसंयोजक सहित मण्डल संयोजकों की नियुक्ति की है। जिला संयोजक गोवर्धन जाट ने बताया कि पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी की सहमती से योग दिवस अभियान के लिए निम्बाहेड़ा विधानसभा संयोजक पद पर उमेश तोतला, सह संयोजक पद पर शैलेश अहीर को मनोनीत किया। इसी प्रकार निम्बाहेड़ा नगर मण्डल संयोजक विमल जेतावत, पूर्वी मण्डल संयोजक मधुसूदन पालीवाल, पश्चिम मण्डल संयोजक विक्रम आंजना एवं कनेरा



मण्डल संयोजक शिवलाल धाकड़ को नियुक्त किया है। 21 जून, शनिवार को आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रम के एक दिन पूर्व आयोजन स्थल कृषि उपज मंडी प्रांगण में योग का पूर्वाभ्यास किया गया तथा तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

## 22 नेत्र रोगियों का होगा निशुल्क इलाज

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा(अमित शर्मा)।** श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति एवं अन्धता निवारण सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में चार दिवसीय नि:शुल्क जांच एवं परामर्श मोतियाबिंद शिविर शुक्रवार को आरसी व्यास कॉलोनी स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में प्रात: 10 बजे शुभारंभ हुआ जिसमें 22 नेत्र रोगियो का नि:शुल्क इलाज प्रारंभ किया गया। समिति मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि डॉ कृष्णा हेडा फेको सर्जन द्वारा नेत्र रोगियों की निशुल्क जांच की गई इस दौरान आंखों में दवाई डालकर ऑपरेशन योग्य रोगियों को चयनित किया जाएगा। इसअवसर पर समिति अध्यक्ष उदयलाल समदानी अरुण जागेटिया ,गणपत जागेटिया, सुभाष गर्ग, राम नारायण सोमानी ने सेवाएं दी। उन सभी जरूरतमंद ऑपरेशन योग्य रोगियों के 21जून को स्पर्श हॉस्पिटल में ऑपरेशन किए जाएंगे, 22 जून को नि:शुल्क दवाइयां व काले चश्मे वितरित किए जाएंगे एवं 23 जून को नेत्र रोगियों की पुन: निशुल्क जांच की जाएगी।

"अगर आप के अंदर आत्मविश्वास की कमी हो जाती है तो ये दुनिया डरावनी नजर आती है।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# जयपुर में बारिश के बीच धरने पर बैठे रहे -बेनीवाल

## सुसाइड करने वाले डॉक्टर के परिवार और सरकार में मांगों को लेकर सहमति बनी, धरना समाप्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जोधपुर में SN मेडिकल कॉलेज के रेजिडेंट डॉक्टर राकेश विश्नोई के सुसाइड मामले में परिजनों की मांगों पर सहमति बन गई है। इसके बाद धरना खत्म कर दिया गया है। अब राकेश विश्नोई का अंतिम संस्कार किया जाएगा। इससे पहले शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के सांसद हनुमान बेनीवाल और उनके समर्थक सवाई मानसिंह हॉस्पिटल की मॉर्चरी के बाहर धरने पर मौजूद रहे। बारिश के दौरान भी सभी धरने पर बैठे रहे

यहां से मुख्यमंत्री आवास घेराव का कार्यक्रम था। लेकिन सहमति बनने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। पुलिस ने भी प्रदर्शन को देखते हुए टोंक रोड को छ्रुह्र मार्ग से कनेक्ट करने वाली मॉर्चरी रोड पर बेरिकेडिंग की थी।सहमति बनने से पहले सांसद हनुमान बेनीवाल ने कहा था- राकेश विश्नोई मामले में जोधपुर में प्रशासन की संवेदनशीलता सामने आई है। अंतिम समय पर राकेश खुद को बचाने की गुहार लगा रहा था। हनुमान बेनीवाल की मांग थी कि एचओडी राजकुमार राठौड़ को निलंबित कर गिरफ्तार किया जाए। एक निष्पक्ष जांच कमेटी का गठन किया जाए। जल्द से जल्द इस मामले की जांच रिपोर्ट सरकार को सौंपे।




### ये है मामला

दरअसल, डॉक्टर राकेश विश्नोई ने 13 जून को जहर खा लिया था, जिसके बाद 14 जून को जयपुर के सवाई मान सिंह अस्पताल में उनकी मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप है कि विश्नोई को उनका ॥ह्र्ठ परेशान कर रहा था। इससे परेशान होकर डॉक्टर ने आत्महत्या कर ली। अब डॉक्टर के परिजन ॥ह्र्ठ को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे हैं। इस दौरान कई जन प्रतिनिधियों के द्वारा पिछले 7 दिन से डॉ. राकेश विश्नोई के परिजनों के साथ स्स्रूस् अस्पताल के सामने धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। 5 दिन पहले अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस नेताओं और पुलिस के बीच झड़प भी हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात कही थी।

मृतक के भाई सुभाष विश्नोई का कहना है कि उसके भाई ने डॉक्टर राजकुमार से प्रताड़ित होकर आत्महत्या का कदम उठाया। डॉ. राजकुमार ने उनके भाई को थीसिस पूरी नहीं कराने की धमकी दी थी। यह बात भाई ने पुलिस को भी बताई। इसका वीडियो दो दिन से सोशल मीडिया पर वायरल है। इस पुरे मामले में मृतक के भाई किशन ने जोधपुर के शास्त्री नगर थाने में डॉक्टर राजकुमार राठौड़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस एक्शन नहीं होने पर अब राजेश का परिवार जयपुर में सरकार के खिलाफ धरने पर बैठा है।

# सीएम भजनलाल शर्मा ने एक्सपर्ट के साथ किया योगाभ्यास

## एक्सपर्ट्स ने कहा- ब्रश करना और नहाने जितना जरूरी है योगा, सरकार ने विश्व में फैलाया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** योग दिवस से पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने योगा एक्सपर्ट के साथ सीएम आवास में योगाभ्यास किया। इस दौरान देश के फेमस योगा एक्सपर्ट ने मुख्यमंत्री के साथ योगा किया। उन्होंने सरकार की ओर से योगा के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान योगा एक्सपर्ट ने मुख्यमंत्री आवास में योगा किए जाने के भी रोचक अनुभव बताए। योगा करने पहुंची फिटनेस एक्सपर्ट शिवांगी शर्मा ने बताया- योगा लोगों को जोड़ता है। हम योग घर-घर में फैलाना चाहते हैं। एक्सपर्ट निशि सिंह ने कहा कि योगा इज अ वे ऑफ लाइफ। मुझे बेहद खुशी है कि हम लोग योगा को इतना प्रमोट कर रहे हैं। योगा धीरे धीरे ग्लोबली फेमस होता जा रहा है। योगा इंडिया की सॉफ्ट पॉवर की तरह प्रमोट किया जा रहा है।

### नहाने और ब्रश करने जितना जरूरी है योग

फिटनेस एक्सपर्ट प्रखर गर्ग ने कहा- सीएम हाउस में हैं तो यहां पर योगा करने में बड़ा अच्छा लगा। जिस तरह से नहाना जरूरी है, ब्रश करना जरूरी है, उसी तरह से योगा करना भी जरूरी है।

### योग हमें खुशी देता है

इस दौरान सीएम आवास पहुंचे योगाचार्य ढाकाराम ने कहा- जब पूरा संसार योगा करता है तो हर एक व्यक्ति योगा करता है। योग ही है, जो हमको बदलता है। यह हम सबको खुशी देता है, जिसकी हम सबको जरूरत है। उन्होंने इसे विभिन्न तरह के रोग काबू करने का बेहतरीन तरीका बताया। ऋचा शर्मा ने कहा कि जिस तरह त्योहार में हम खुद को तैयार करते हैं और सजते संवरते हैं और खुद को इंगेज करते हैं। उसी तरह से हमें हेल्थ को अपनी प्रॉयर्टी बनाना चाहिए।

# राजस्थान गैस व्यावसायिक व औद्योगिक क्षेत्र में पीएनजी गैस की उपलब्धता में तीन गुणा बढ़ोतरी करेगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान गैस के चेयरमैन टी. रविकान्त ने कहा है कि आरएसजीएल इस वर्ष व्यावसायिक व औद्योगिक क्षेत्र में पीएनजी गैस की उपलब्धता में तीन गुणा बढ़ोतरी करेगी वहीं जल्दी ही दो नए सीएनजी स्टेशन शुरु किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस समय आरएसजीएल द्वारा कोटा, कूकस, नीमराना सहित 18 सीएनजी स्टेशनों से 24 गुणा 7 सीएनजी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है।माइंस एवं पेट्रोलियम सचिव व चेयरमैन आरएसजीएल टी. रविकान्त शुक्रवार को आरएसजीएल के संचालक मण्डल की वर्चुअली बैठक ले रहे थे। संचालक मण्डल की बैठक में आरएसजीएल के वर्ष 2024-25 के अंकेक्षित लेखों का अनुमोदन किया गया। उन्होंने बताया कि ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए आरएसजीएल द्वारा 54 हजार से अधिक परिवारों तक डीपीएनजी सेवाएं पहुंचाने के लिए आधारभूत ढांचा विकसित कर लिया गया है। कोटा में 300 किमी एमडीपीई पाइपलाइन बिछाने का कार्य जारी है जिसमें से 21 किमी लाइन बिछा दी गई है। उन्होंने सीएनजी-डीपीएनजी सेवाओं को और अधिक नागरिकों तक पहुंचाने और कार्यों में विस्तार की आवश्यकता प्रतिपादित की। आरएसजीएल के प्रबंध संचालक श्री रणवीर सिंह ने बताया कि नवाचार करते हुए आरएसजीएल ने नीमराना में एलएनजी प्लांट का भूमि पूजन के साथ काम शुरु कर दिया है।

# भाजपा और सरकार ने मंत्रियों की अलग-अलग ड्यूटी लगाइ

## योग दिवस पर सचिवालय का आदेश-प्रभार वाले जिलों मे जाएं, पार्टी ने कहा-विधानसभा क्षेत्र में जाएं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** 21 जून को योग दिवस पर प्रदेशभर में होने वाले कार्यक्रम के लिए सरकार और भाजपा ने मंत्रियों की अलग-अलग ड्यूटी लगा दी है।मंत्रिमंडल सचिवालय ने 17 जून को आदेश जारी करके कहा कि सभी मंत्री अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में जाकर कार्यक्रम के सफल आयोजन को सुनिश्चित करेंगे, लेकिन इसके दो दिन बाद 19 जुलाई को प्रदेश बीजेपी की ओर



से एक लिस्ट जारी कर दी गई। इसमें सभी मंत्रियों की ड्यूटी उनके प्रभार वाले जिलों से अलग लगा दी गई। अब कई मंत्री इस चिंता में हैं कि एक ही दिन में दो अलग-अलग जगह कैसे जाएं?दोनों आदेशों से असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। जानकारों का कहना है कि मंत्री पार्टी के हिसाब से लगाई गई जगह पर ही जाना पंसद कर रहे हैं, क्योंकि पार्टी ने लगभग सभी मंत्रियों को उनके विधानसभा क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में मंत्री प्रभार वाले जिलों की जगह पार्टी द्वारा तय स्थान पर अपने लोगों के बीच योग करना ज्यादा पंसद कर रहे हैं।

### दीया कुमारी, बैरवा और राठौड़ जयपुर में करेंगे योग

पार्टी द्वारा जारी आदेश के अनुसार उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी सिटी पैलेस, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा और मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एसएमएस स्टेडियम में आयोजित होने वाले योग दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय के आदेश के अनुसार इन्हें अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में होना चाहिए था। दीया कुमारी के पास अजमेर और ब्यावर, प्रेमचंद बैरवा के पास भीलवाड़ा और राजसमंद, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के पास दौसा जिले का प्रभार है।

# लोहे से भरे ट्रक ने 5 गाड़ियों को मारी टक्कर

## 3 लोगों की मौके पर ही मौत, 10 घायल; ढलान पर अनियंत्रित हो गया था ट्रक



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सलूंबर में तेज रफ्तार ट्रक ने एक के बाद एक 5 गाडियों को टक्कर मार दी। इन गाडियों में सवार 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए। हादसा लसाड़िया थाना क्षेत्र में बांसी मायदा घाट सेक्शन में हुआ।

जानकारी अनुसार- शाम करीब 5 बजे लोहे से भरा ट्रक ढलान पर अनियंत्रित हो गया था। ट्रक अपने आगे चल रही गाडियों को एक के बाद एक टक्कर मारते हुए आगे जाकर रुका। इस दौरान गा?ियों में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में 6 लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना पर लसाड़िया थाना पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। घायलों को लसाड़िया के सरकारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जबकि शवों को मॉर्च्युरी में रखवाया गया है।

लसाडिया थानाधिकारी हर्षराज सिंह ने बताया- हादसे में करीब 10 लोग घायल हुए हैं। मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### जेसीबी के कारण लगा था जाम, ट्रक ने मारी टक्कर

जानकारी के अनुसार, मायदा घाट सेक्शन की ढलान पर सीमेंट से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई थी। उसे सीधा करने के लिए एक जेसीबी मौके पर पहुंची थी। इसी कारण बांसी से धरियावद मार्ग पर वाहनों की लंबी लाइन लगी हुई थी।पीछे से आए लोहे के सरियों से भरे ट्रक ने एक के बाद एक कार, ट्रैक्टर, बाइक सहित 5 वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रक छो?कर भाग गया।हादसे की सूचना पर लसा?िया पूर्व प्रधान कन्हैयालाल मीणा, धरियावद एसडीएम राकेश कुमार न्यौल, डीएसपी नानालाल सालवी सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे।

### एक दिन पहले पलटा था ट्रेलर, ड्राइवर की हुई थी मौत

बांसी से धरियावद मार्ग स्थित मायदा घाट पर ढलान है, जहां आए दिन हादसे होते हैं। एक दिन पहले भी एक ट्रेलर पलट गया था। ट्रेलर के नीचे दबने से ड्राइवर की मौत हो गई थी। उसे 4 घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया था। एक सप्ताह पहले भी दो वाहन आपस में भिड़ गए थे। ग्रामीण ढलान के सुधार की कई बार मांग कर चुके हैं, लेकिन प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया।

# बिजली कर्मचारियों को फिर से पुरानी जगह लगाने की मांग

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बॉर्डर के इलाकों में तैनात किए गए थे, अब वापसी के लिए ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान में भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सीमावर्ती इलाकों में लगाए गए बिजली कर्मचारियों को वापस पुरानी जगहों पर लगाने की मांग उठी है।



राजस्थान विद्युत प्रसारण श्रमिक संघ ने इस संबंध में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को पत्र भेजा है।पत्र में बताया गया है कि युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए विभाग ने राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में कार्यरत कर्मचारियों को वहां से हटाकर पाकिस्तान बॉर्डर से सटे इलाकों में ड्यूटी पर भेजा था। अब हालात सामान्य हो चुके हैं, ऐसे में उन कर्मचारियों को पुनः उनकी पुरानी कार्यस्थल पर वापस लगाया जाए।

राजस्थान विद्युत प्रसारण श्रमिक संघ के प्रदेशाध्यक्ष योगेंद्र सिंह हाड़ा ने बताया- विभाग के आदेशों का पालन करते हुए कर्मचारियों ने सीमावर्ती क्षेत्र में जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने बताया- हमारे विभाग के तकनीकी कर्मचारी वर्तमान में राजस्थान की सीमा पर तैनात हैं। हालात सामान्य होने के बावजूद अभी तक उन्हें वापस नहीं बुलाया गया है। इससे कर्मचारियों में असमंजस की स्थिति है। ऐसे में कर्मचारियों को फिर से पहले की तरह ड्यूटी पर लगाया जाए ताकि वे मानसिक रूप से भी सहज होकर काम कर सकें। संघ ने यह भी लिखा है कि भविष्य में अगर फिर से आपातकालीन स्थिति बनती है तो कर्मचारी उसी तरह आदेश का पालन करने को तैयार रहेंगे।

# किराना व्यापारी और उसके बेटे पर एसिड से किया अटैक

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** किराना की दुकान से घर लौट रहे पिता-पुत्र पर अनजान बाइक सवार बदमाशों ने एसिड से अटैक कर दिया। हमले में पिता पुत्र दोनों झुलस गए। उन्हें इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया। बर्न वार्ड में उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल में भर्ती पिता ने कहा- हमारी किसी से रंजिश नहीं है, हमलावर कौन थे, हम नहीं जानते।

घटना भीलवाडा जिले के गंगापुर थाना इलाके के माताजी



का खे?ा तिराहे पर गुरुवार रात 8.30 बजे के करीब हुई।

सहाडा से माताजी का खे?ा तिराहे पहुंचे ही थे कि सामने से बाइक पर आए दो युवकों ने उन पर एसिड फेंक दिया। हमला कर के आरोपी फरार हो गए। इस हमले में बाइक चला रहे जमनालाल 25 फीसदी झुलस गए और उनका बेटा 20 परसेंट तक झुलस गया।

### पुलिस बोली- बाइक पर आए थे हमलावर

गंगापुर थानाधिकारी लीलाधर माललीय ने बताया- थाना इलाके के भरक गांव में रहने वाले जमनालाल बैरवा (37) पत्र नंदलाल की सहाड़ा में किराने की दुकान है। दुकान पर जमनालाल का बेटा धर्मराज (17) भी था। गुरुवार रात 8 .20 बजे के करीब पिता-पुत्र ने दुकान बंद की और बाइक से अपने घर (भरक गांव) की ओर निकले।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# रिश्वतकांड में MLA को फंसाने में भाजपा विधायक-प्रत्याशी भी शामिल

## सांसद रोत बोले- हमने जांच करवाई,षड्यंत्र रचा गया; मन्नालाल रावत न आदिवासी और न उनमें मानवता

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** बागीदौरा (बांसवाड़ा) के भारत आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल के 20 लाख रुपए रिश्वत लेने के मामले में बांसवाड़ा-डूंगरपुर सांसद और बाप नेता राजकुमार रोत ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने दावा किया कि हमारी पार्टी की ओर से हुई जांच में सामने आया कि विधायक को फंसाया गया था।

दरअसल, रोत शुक्रवार को उदयपुर में भील प्रदेश मुक्ति मोर्चा के बैनर तले यूडीए उदयपुर के विस्तार के विरोध में चल रहे प्रदर्शन पर पहुंचे थे। यहां मीडिया से बातचीत में उन्होंने बिना नाम लिए हुए ये भी आरोप लगाया कि सत्ताधारी पार्टी का एक विधायक प्रत्याशी भी इसमें शामिल है। इतना ही




नहीं उन्होंने उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत पर भी निशाना साधते हुए कहा- न तो वे आदिवासी है और न उनमें मानवता और इंसानियत है।

रोत बोले- बागीदौरा विधायक को फंसाया गया

रोत ने कहा- बागीदौरा विधायक को षडयंत्र पूर्वक फंसाया गया है और अब उसके बाद जनता ने इसका जवाब देते हुए वहां हुए पंचायतीराज के एक उप चुनाव में बीजेपी को हरा दिया है। चुनाव में पहले भाजपा 600 वोट से जीती थी लेकिन उप चुनाव में भाजपा को जनता ने हराकर इसका जवाब दे दिया है और आने वाले समय में और जवाब जनता इनको देगी।

रोत बोले- 1952 से लेकर आज तक राजस्थान में करीब 3000 विधायक बने होंगे, इनमें से कुछ रिपीट हुए होंगे। इसके अनुसार अब अब तक दो से ढाई हजार विधायक बने होंगे लेकिन पहली बार किसी विधायक को ट्रेप किया है।

उन्होंने कहा कि इस मामले में हमारी जो टीम बनी थी उसने तहकीकात की तो सामने आया कि विधायक को षडयंत्र से फंसाया गया था। सामने वाले व्यक्ति ने 40 से 42 बार उनको फोन किए थे। आगे से कॉल किए। रोत ने बिना नाम लिए कहा कि सत्ताधारी पार्टी का विधायक प्रत्याशी रहा हुआ आदमी क्षेत्रीय पार्टी के विधायक को रिश्वत क्यों देगा डर के? यह प्लानिंग और षडयंत्र था जिसका जवाब जनता ने उप चुनाव में दे दिया है।

एसआई भर्ती पर बोले सीएम पीसी करें

रोत ने राजस्थान में सब इंस्पेक्टर (SI) भर्ती पर परीक्षा पर कहा कि गरीब परिवार का बच्चा दिन-रात मेहनत करता है। ऐसे लड़कों के साथ अन्याय हुआ था। अब इस सरकार की जिम्मेदारी बनती है और सीएम प्रेस कॉफ्रेंस करें और इस पर अपना रूख साफ करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने पेपर लीक के विरोध में माहौल बनाया था और पिछली सरकार ने गलत किया लेकिन ये सरकार ये तो बताए ये क्या कर रही है। मुख्यमंत्री का इस पर बयान आना चाहिए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार